जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 | वर्षः 49 | संख्याः 355 | प्रभात | कोटा, सोमवार 7 अक्टूबर, 2024 | कोटा/24/2012-14 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



मुख्यमंत्री निवास पर सामूहिक क्षमावाणी आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैन मुनियों व आचार्यों से अशीर्वाद लिया।

## मुख्यमंत्री ने निवास पर सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम आयोजित किया

### दिगम्बर और श्वेताम्बर मुनियों के एक साथ पर्व मनाने की मुनियों ने सराहना की

- मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के सभी धर्मों में अहिंसा और क्षमा को विशेष महत्व दिया गया है तथा जैन धर्म ने इसे नयी पहचान प्रदान की है।
- इस समारोह में आचार्य शंशाक सागर, आचार्य विश्वरत्न सागर, मुनिपवन सागर, मुनि तत्वरुचि, मुनि सम्यक रत्न विजय तथा साध्वी श्रुत दर्शना ने आशीर्वचन किया।

जयपुर, 6 अक्टूबर। रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित जैन धर्म के सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भगवान ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक सभी जैन तीर्थंकरों ने सदैव अहिंसा और क्षमा का सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी धर्मों में अहिंसा एवं क्षमा को विशेष महत्व दिया गया है तथा जैन धर्म ने इसे नई पहचान प्रदान की। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में अहिंसा और क्षमा सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों तक विस्तृत है तथा यह सिद्धांत विश्वशांति की ओर ले जाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। जैन धर्म के पूज्य जनों का एक साथ आना राजस्थान की जनता के लिए एक सुन्दर सन्देश है।

उन्होंने कहा कि जैन तीर्थंकरों ने दुनिया को सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांतों के माध्यम से मार्ग दिखाया, जिससे हमारी संस्कृति और विचार वर्तमान समय में भी पूरी दुनिया में प्रासंगिक हैं। साधु-मुनियों की वाणी ईश्वरीय रूप होती है, जिनके आशीर्वाद से भारत दुनिया में अपनी पहचान बनाए हुए है तथा 21वीं सदी में विकसित भारत के रूप में दुनिया की महाशक्ति बनेगा।

शर्मा ने कहा कि जैन धर्म के आस्था स्थलों के विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रणकपुर जैन मन्दिर के सौन्दर्यीकरण एवं सुविधायें विकसित करने तथा नसियां जी विराटनगर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार राइज़िंग राजस्थान का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने व्यवसायियों से राइजिंग राजस्थान समिट में अपनी भूमिका निभाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में आचार्य शशांक सागर महाराज ने कहा कि राजस्थान में पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। यह सुन्दर क्षण है कि यहां दिगम्बर और श्वेताम्बर मुनि एक साथ क्षमावाणी समारोह मना रहे हैं और यही भगवान महावीर का एकता का संदेश है। आचार्य विश्वरत्न सागर महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास पर सामूहिक क्षमावाणी की यह पहल सराहनीय है। मुनि अर्चित सागर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बिहार में 6 बच्चों की मौत

डेहरी आन सोन, 06 अक्टूबर। बिहार में रोहतास जिले के रोहतास थाना क्षेत्र में रविवार को सोन नदी में छह बच्चों की डूबकर मौत हो गयी तथा एक बच्ची लापता हो गयी।

- रोहतास जिले के तुंबा गांव में सोन नदी में स्नान के दौरान यह हादसा हुआ। बच्चे गहरे पानी में डूब गए।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि तुंबा गांव में सोन नदी में सात बच्चे स्नान कर रहे थे। इस दौरान सभी गहरे पानी में डूब गये। घटना में छह बच्चों की डूबकर मौत हो गयी जबकि एक बच्ची लापता हो गयी।

सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान तुंबा गांव निवासी अभय कुमार (10),विवेक कुमार (12) राजू कुमार (12), झारखंड के रांची निवासी नंद किशोर गौड़ के पुत्र पवन कुमार (07), पुत्री निधि कुमारी ( 12), और गुनगुन कुमारी (08) के रूप में की गयी है। इस घटना में नंद किशोर गौड़ की एक और पुत्री नाव्या कुमारी लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

## राम पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले को जेल भेजा

फिरोजाबाद, 06 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में फिरोज़ाबाद जनपद के थाना नगला खंगर क्षेत्र निवासी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर भगवान राम पर अशोभनीय टिप्पणी की गई थी। पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

- फिरोज़ाबाद के इस युवक ने सोशल मीडिया पर भगवान राम पर अशोभनीय टिप्पणी की थी।

थाना नगला खंगर के प्रभारी गिरीश कुमार के अनुसार, युवक पृथ्वीराज पुत्र विनोद कुमार, द्वारा नए सोशल मीडिया पर भगवान राम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। पुलिस विभाग के सोशल मीडिया सेल ने कार्रवाई करते हुए युवक पृथ्वीराज को चिन्हित करके रविवार को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

## "महाकुंभ के दौरान मांस-मदिरा की बिक्री नहीं होगी"

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे में यह निर्णय लिया

- योगी आदित्यनाथ ने साधु-संतों, सन्यासियों और बैरागियों से महाकुंभ आयोजन में सहयोग करने की अपील की।

प्रयागराज, 06 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रविवार को प्रयागराज दौरे पर रहे और महाकुंभ को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ के "लोगो" का उद्घाटन की भी किया। इस मौके पर योगी ने कहा कि अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले महाकुंभ के दौरान यहां मांस-मदिरा की बिक्री नहीं होगी। उन्होंने 13 अखाड़ों, खाक चौक, दंडी बाड़ा और आचार्य बाड़ा के प्रतिनिधियों के साथ महाकुंभ को लेकर एक बैठक भी की।

प्रदेश सरकार की ओर से जारी एक विज्ञिप्त के अनुसार, सीएम ने बैठक में कहा कि साधु-संतों, संन्यासियों व वैरागियों सहित समस्त सनातन समाज की भावनाओं का सम्मान रखते हुए प्रयागराज की शास्त्रीय सीमा में मांस-मदिरा का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पवित्र नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन साधु-संत समाज का भी सहयोग अपेक्षित है। योगी ने यह भी कहा कि महाकुंभ के दौरान ब्रह्मलीन होने वाले साधु-संतों की समाधि के लिए प्रयागराज में शीघ्र ही भूमि आरक्षित कर दी जाएगी।

इसके अलावा संत समाज की ओर से गो-हत्या पर प्रतिबंध की मांग पर योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश में गोहत्या अपराध है। गोहत्या के विरुद्ध उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही, राज्य सरकार सात हजार से अधिक गोवंश आश्रय स्थल का संचालन कर रही है, जहां 14 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। योगी ने सभी संतों-संन्यासियों व आचार्यों से अनुरोध किया कि वह अपने आश्रम में तब तक किसी को प्रवास की अनुमति न दें जब तक उनका विधिवत सत्यापन न हो जाए।

## सारे जतन के बाद भी पैंथर सर्च टीम की पकड़ से दूर

### सवाल यह है कि पैंथर जगह बदल रहा है या अलग-अलग पैंथर हमला कर रहे हैं

- बेस कैंप को आबादी से दूर शिफ्ट किया जा रहा है। ट्रैप कैमरों की संख्या बढ़ाकर 50 कर दी गई है।
- रविवार को सुबह 11:30 बजे पिण्डवाड़ा नेशनल हाईवे पर गोगुन्दा के भादवी गुडा के पास पैंथर देखा गया।

उदयपुर, (कासं)। गोगुंदा और बड़गांव के जंगलों में वन विभाग और प्रशासन ने पैंथर को खोजने के लिए सारे जतन कर लिए हैं, लेकिन पैंथर अब तक उनकी पहुंच से दूर है। एक ही पैंथर जगह बदल रहा है या अलग-अलग पैंथर हमला कर रहे हैं, इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। वन विभाग का दावा है कि जहां शिकार किया है वहां पैंथर वापस जरूर आएगा।

गोगुंदा थाना प्रभारी शैतान सिंह के अनुसार उनकी टीम जंगल में जहां-जहां गई वहां किसी तरह का जानवर नजर नहीं आया। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा पैंथर से सुरक्षा हेतु ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए समझाइश का अभियान भी चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरुप मेवाडा एवं पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के सुपरविज़न में ए एस आई विनेश कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल चरण सिंह,कांस्टेबल राजेंद्र सिंह,सांवला राम की टीम ने रविवार को गोगुन्दा पंचायत के भेवाडिया, छाली, उमरिया, कुण्डाल, मजाम, मजावद, बगडुंदा, निलय बावड़ी आदि ने ग्रामीणों से सम्पर्क कर समजाइश की।

इधर प्रशासन अब अधिक आवाजाही वाले आबादी क्षेत्र से बेस कैंप को हटाने की तैयारी कर रहा है। ऐसी जगह बेस कैंप स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है जहां पर लोगों की आवाजाही आसान नहीं हो। इसके अलावा ट्रैप कैमरों की संख्या बढ़ाकर 50 कैमरे लगा दिए गए हैं। पैंथर ने स्कूल के समीप ही एक शिकार किया था इसलिए उसके दोबारा आस-पास आने की संभावना है, लेकिन लोगों की आवाजाही अधिक होने के के कारण पांच दिन गुजरने के बाद भी यहां पैंथर का मूवमेंट नहीं देखा गया है।

डी.एफ.ओ. मुकेश सैनी के अनुसार राठौड़ों का गुड़ा के सरकारी स्कूल में बैस कैंप बनाया गया है। स्कूल में पुलिस की 100 से अधिक लोगों की टीम भी सक्रिय रूप से काम कर रही है। एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा भी विगत दो दिन से राठौड़ों का गुड़ा में सर्च ऑपरेशन में लगी पुलिस को लीड कर रहे हैं।

इधर पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे 27 पर गोगुंदा के भादवी गुड़ा के उपला भीलवाड़ा के समीप रविवार सुबह करीब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चेन्नई एयर शो में भगदड़ से तीन की मौत

चेन्नई, 06 अक्टूबर। चेन्नई में 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस से पहले रविवार को चेन्नई में एयर शो हुआ। इसे देखने के लिए मरीना बीच पर लाखों की संख्या में लोग जमा हुए। भारी भीड़ और गर्मी के चलते तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से ज्यादा लोग बेहोश हो गए। मृतकों की पहचान श्रीनिवासन (48), कार्तिकेयन (34) और जॉन (56) के नाम से हुई है।

इस एयर शो को देखने के लिए लगभग 13 लाख लोगों की भीड़ जुटी थी, इसके चलते इसका नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। यह शो सुबह 11 बजे शुरू हुआ और दो घंटे तक चला। हालांकि, लोग 8 बजे से ही मरीना बीच पर जुटने लगे थे। इस दौरान तापमान 36 डिग्री तक पहुंच गया था।

- एयर शो को देखने 13 लाख लोगों की भीड़ मरीना बीच पर इकट्ठी हुई थी। गर्मी और प्यास के बाद जाम लगने से हुई भगदड़ में तीन की मृत्यु हो गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयर शो देखने गए लोगों ने बताया कि बीच पर पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं थी। लोगों घंटों तक प्यासे बैठे रहे। एक बजे शो खत्म होने के बाद एक साथ लोग वहां से निकले जिसके चलते रास्तों पर ट्रैफिक जाम हो गया। भारी भीड़ के चलते एक लोकल रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई। अलग-अलग मेट्रो स्टेशन पर भी ऐसी ही भीड़ देखने को मिली।

## लालू, तेजस्वी, तेजप्रताप आज दिल्ली कोर्ट में पेश होंगे

### "जमीन के बदले नौकरी" में ई.डी. की सप्लीमैन्ट्री चार्जशीट के बाद तीनों के सम्मन निकले थे

- कोर्ट में हाजिर होने के लिये लालू यादव पटना से दिल्ली विमान से रवाना हुए।

पटना, 06 अक्टूबर। जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। यादव और उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव सोमवार को दिल्ली के राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पेश होंगे। ईडी ने इस मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने तीनों को समन भेजा था। यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर भारतीय रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित करने का आरोप है।

लालू यादव पटना से एयर इंडिया के विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। लालू प्रसाद यादव के साथ उनकी बेटी रोहिणी और मीसा भारती भी थीं। तेजस्वी यादव भी पेशी के लिए अपने विदेश दौरे से दिल्ली लौट आए हैं।

इस मामले में तेजप्रताप यादव पहली बार कोर्ट में पेश होंगे। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में आवश्यक जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्यकारी आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय को छिपाने में शामिल थे और इस प्रकार वर्तमान पूरक शिकायत पर तलब किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं।

ईडी ने लालू प्रसाद यादव पर अपराध से अर्जित आय के अधिग्रहण को छिपाने के लिए अपने परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के साथ आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया है।

एजेन्सी ने आरोप लगाया कि जब प्रसाद रेल मंत्री थे, तब मुख्य रूप से पटना के महुआ बाग में जमीन मालिकों को रेलवे में नौकरियां देने के वादे के साथ कम कीमत पर अपनी जमीन बेचने के लिए राजी किया गया था।

ईडी ने आरोप लगाया था कि इनमें से कई भूखंड पहले से ही यादव परिवार के पास मौजूद जमीन के पास स्थित थे। इस मामले में सात में से छह भूखंड राबड़ी देवी से जुड़े थे और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किए गए थे।

ईडी ने कहा था कि यह मामला 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में प्रसाद के कार्यकाल के दौरान मध्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## धर्मशाला में दो जगह बम फटे, 22 घायल

धर्मशाला, 06 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश के जिला मुख्यालय धर्मशाला में रविवार दोपहर बाद दो जगह बम फटने से 22 लोग घायल हो गये। दोपहर बाद आतंकी घटना की सूचना मिलने के बाद कांगड़ा पुलिस, एसडीआरएफ और नेशनल सिक्यूरिटी गार्ड (एनएसजी) ने स्थिति व मोर्चा संभाल लिया।

- सुरक्षा एजेन्सियों ने मोर्चा सम्भला।

जानकारी के अनुसार दोपहर बाद करीब दो बजे आयुर्वेदिक अस्पताल धर्मशाला में हमले की सूचना मिली जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्य तथा जांच के लिए टीमें मौके पर पहुचीं। इसी दौरान गांधी चौक में भी हमले की सूचना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पंजाब में पराली प्रदूषण रोकने के लिए सब्सिडी योजना शुरू की

### फसल अवशेष प्रबन्धन के तहत मशीनरी के लिए 50 से 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी

- पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सहकारी बैंक पूरे राज्य में किसानों को यह ऋण व सब्सिडी उपलब्ध करायेंगे।
- दिल्ली के पास एन.सी.आर. रीजन में बायो-डीकंपोजट घोल का छिड़काव खैतों पर किया जा रहा है।

नई दिल्ली, 06 अक्टूबर। सर्दियों का मौसम शुरू होने और रबी की फसलों की बुवाई शुरू होने से पहले खेतों को तैयार करने के लिए किसान पराली जलाना शुरू कर देते हैं। इससे हर साल गंभीर प्रदूषण की समस्या सामने आती है। पंजाब सरकार ने पराली से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए "फसल अवशेष प्रबंधन ऋण योजना" शुरू की है। इसके तहत किसानों को मशीनें मुहैया कराने के लिए 50 से 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसानों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

भगवंत मान ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है- पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पराली निपटाने के लिए किसानों को 50 से 80 प्रतिशत सब्सिडी पर मशीनरी उपलब्ध करवाने के लिए सहकारी बैंकों द्वारा पूरे पंजाब में "फसल अवशेष प्रबंधन ऋण योजना" शुरू की गई है। सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि इस लाभकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

फसल अवशेष प्रबंधन से सिर्फ प्रदूषण ही नहीं नियंत्रित नहीं होता बल्कि इससे मिट्टी को अधिक उपजाऊ बनाने में भी मदद मिलती है। फसलों के अवशेषों का प्रबंधन करने से मिट्टी की भौतिक अवस्था में सुधार होता है।

पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर प्रदेश के दिल्ली से सटे इलाकों में पराली जलाए जाने से राष्ट्रीय राजधानी को हर साल भीषण प्रदूषण के संकट का सामना करना पड़ता है। दिल्ली में भी पराली से होने वाले प्रदूषण से बचाव के लिए कोशिशें शुरू कर दी गई हैं। पराली जलाने से बचने के लिए बायो-डीकंपोजर घोल के छिड़काव का अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने तीन दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी में पराली जलाने से बचने के लिए खेतों में जैविक रूप से अपघटित (बायो-डीकंपोजर) होने वाले घोल के छिड़काव का अभियान शुरू किया। इसका उद्देश्य सर्दियों के दौरान प्रदूषण के स्तर को कम करना है। यह अभियान नरेला विधानसभा क्षेत्र के पल्ला गांव में शुरू किया गया।

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि दिल्ली सरकार सर्दियों में प्रदूषण से छुटकारा पाने के लिए 5,000 एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर बायो डीकंपोजर का छिड़काव करेगी।

## मैनपुरी जिला जेल में महिला कैदी ने फांसी लगाई

मैनपुरी, 06 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिला जेल में महिला कैदी ने रविवार की शाम टॉयलेट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

पुलिस के अनुसार, बिछवां थाना क्षेत्र के ग्राम देवगंज निवासी लाली राजपूत (28) पति की हत्या की आरोपी थी ।

- इस घटना से जेल प्रशासन सकते में हैं। महिला कैदी को अपने पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

24 जुलाई को बिछवां थाना पुलिस ने लाली राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लाली पर अपने पति धर्मेंद्र राजपूत की हत्या का आरोप था।

रविवार की शाम लाली महिला

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी

# जनगणना समय पर हो ताकि.....

अगर मैं विस्तार में न जाऊं तो भी आप समझ जाएंगे कि किसी भी देश के लिए, उसकी नीतियों के निर्माण के लिए जनगणना का क्या महत्व होता है। भारत दुनिया के उन देशों में है जहां आज़ादी के पहले से नियमित रूप से जनगणना होती रही है। विद्वान लोग तो इस सिलसिले को पीछे खींच कर 800 से 600 ईसा पूर्व तक भी ले जाते हैं, यह बात वे ऋग्वेद के हवाले से कहते हैं। 321 से 296 ईसा पूर्व रचित कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी यह उल्लेख मिलता है कि शासन की कर नीति के निर्धारण के लिए जनगणना उपयोगी होती है। मुग़ल बादशाह अकबर के काल में रचित प्रशासनिक प्रतिवेदन आइन-ए-अकबरी में उस समय की जनसंख्या उद्योगों, संपदा और ऐसी ही अन्य अनेक बातों का विस्तृत उल्लेख इस तरफ इशारा करता है कि तब किसी तरह की जनगणना ज़रूर होती थी। निश्चय ही समय के साथ जनगणना के क्षेत्र और तकनीक का विस्तार हुआ है और अब उसकी प्रश्नावली निरंतर बड़ी और व्यापक होती गई है।

विदेशी शासन काल में हमारे देश की पहली व्यवस्थित जनगणना 1881 में हुई थी, हालांकि इससे पहले भी इस दिशा में अनेक प्रयास हुए थे। इसके बाद हर दसवें वर्ष नियमित रूप से जनगणना होती रही। यह क्रम 1941 तक निर्बाध चलता रहा। इसके बाद 1947 में देश आज़ाद हुआ और आज़ाद भारत की पहली जनगणना 1951 में हुई। यह क्रम भी 2011 तक निर्बाध चला। इसके बाद वाली जो जनगणना 2021 में होनी थी, वह किसी न किसी वजह से स्थगित होती रही और अब उम्मीद की जा रही है कि निकट भविष्य में हो जाएगी। यहीं यह बात भी ग़ौर तलब है कि भारतीय जनगणना के इतिहास में यह पहली बार है जब कोई जनगणना सही समय पर नहीं हो सकी है।

लेकिन बाकायदा जनगणना के अभाव में भी अनेक ऐसे शोध परक प्रयास होते रहे हैं जो जनगणना वाले काम को ही आगे बढ़ाते हैं। ऐसा ही एक काम एसबीआई ने अपनी एक शोध पूर्ण रिपोर्ट, जो हाल में प्रकाशित हुई है, के माध्यम से किया है। यहां हम इस रिपोर्ट की कुछ ख़ास बातों और उनसे उपजे सवालों पर बात कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में जो बात हमें सबसे ज़्यादा खुशी देती है वह यह है कि सन् 2024 में देश की आबादी की वृद्धि दर 1% तक जा पहुंची है और यह 1951 के बाद न्यूनतम है। तब यह 1.25% थी और 1972 में सर्वाधिक 2.2% थी। सन् 2011 में, जब हमारी अब तक की आखिरी जनगणना हुई थी, देश की कुल आबादी 121.1 करोड़ थी और अब यह बढ़कर लगभग 142 करोड़ हो गई है। एक और अच्छी बात यह है कि भारत दुनिया का चौथे नम्बर का सबसे युवा देश है। हमसे अधिक युवा नाइजीरिया, फिलीपींस और बांग्लादेश हैं। सन् 2021 में हमारे देश में जनसंख्या की औसत आयु (मीडियन एज) 24 वर्ष थी और अनुमान है कि 2023-24 में यह बढ़कर 28-29 वर्ष हो जाएगी। ध्यान देने की बात है कि चीन की यह औसत आयु 2011 में 34.5 वर्ष थी जो अब बढ़कर 39.5 वर्ष हो गई है। इस औसत आयु के प्रभाव को इस रूप में भी देखा जाना चाहिए कि हमारे देश में काम कर सकने वाली आयु (15-59) के लोग 1971 से लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अनुमान है कि 2021 में वे कुलजनसंख्या के 64.4% होंगे और 2031 तक बढ़कर 65.2% हो जाएंगे। यह स्थिति जहां बेहतर भविष्य की उम्मीदें जगाती है वहीं यह चुनौती भी प्रस्तुत करती है कि अब हमें पहले से अधिक लोगों के लिए रोज़गार का प्रबंध करना होगा। जो काम कर सकते हैं, उन्हें अगर हम रोज़गार उपलब्ध नहीं करा सकते हैं तो उनकी कुण्ठा, हताशा और नाराज़गी का बढ़ना स्वाभाविक होगा और इसके दुष्परिणामों की सहज ही कल्पना की जा सकती है। एक समय था जब देश में सरकार सबसे बड़ी रोज़गार प्रदाता थी। लम्बे समय तक ऐसा रहने से आम जन भी रोज़गार के लिए सरकार की तरफ ही देखने के अभ्यस्त हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त अब तक सरकारी नौकरी सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा देने वाले भी मानी जाती रही है। ज्योतिष का राज योग कुल मिलाकर सरकारी नौकरी की ही तो बात करता है। अब परिदृश्य बदल गया है। सरकार ने बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं से स्वयं को अलग कर लिया है। इससे स्वभावतः सरकारी नौकरी के अवसर घट गए हैं। लेकिन जनता को इस बात के लिए मानसिक रूप से अभी तैयार होना है कि रोज़गार का मतलब केवल सरकारी नौकरी ही नहीं होता है। आम जन अभी भी सरकारी नौकरी हासिल करने को जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। अब नौकरियां कम हैं और उन्हें चाहने वाले बहुत ज़्यादा, तो इस राह में तमाम तरह की अनैतिकताएं घुस पड़ी हैं। इस बात को समझते हुए हमें दो मोर्चों पर गंभीरता से काम करना है। पहला तो निजी क्षेत्र में काम के अवसरों को बढ़ाना, और दूसरे जनता के सोच में बदलाव लाना।

> **जनसंख्या परिदृश्य में जो बदलाव आ रहे हैं उन पर निगाह रखना और उनके अनुसार नीतियां और योजनाएं बनाना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की, बल्कि किसी भी सरकार की पहली ज़िम्मेदारी होनी चाहिए। यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इस मामले में हमारी सरकारों का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने वादे तो खूब किए हैं, सब्ज़ बाग़ दिखाने में कोई सरकार किसी अन्य सरकार से पीछे नहीं रही है, लेकिन उन वादों को यथार्थ का परिधान पहनाने में प्रायः कोताही बरती गई है।**

जब नेतागण ख़ास तौर पर अपने चुनावी भाषणों में इतने लाख या इतने करोड़ नए रोज़गारों के सृजन के वादे करते हैं तो वे जनता के मन में सरकारी नौकरियों की बारिश करने की ही छवि उभारते हैं, जबकि ऐसा करना अब नामुमकिन है। कितना अच्छा हो कि वे स्पष्ट कहें कि हम सब को सरकारी नौकरी नहीं दे सकते हैं। और इसी के साथ वे ऐसी नीतियां बनाएं जो नए उद्योग धंधों के विस्तार में सहयोगी हों। हमारे यहां रोज़गार के खूब अवसर सिरजे जा सकते हैं लेकिन बहुत सारे अवसर सरकारी अडंगे बाजी के कारण हमारे हाथों से फिसल जाते हैं। सिंगल विण्डो जैसी बहुत सारी बातें की जाती हैं लेकिन जो लोग उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आते हैं उनके अनुभव कुछ और ही बताते हैं। सरकारों को इस तरफ बहुत गंभीरता से ध्यान देना होगा। इसी के साथ हमारी शिक्षा व्यवस्था में भी आमूल चूल बदलाव करना होगा। अभी हम जो डिग्रियां बांटते हैं वे केवल बेरोज़गारों की संख्या बढ़ाने के काम आती हैं। हमारे स्नातक या परास्नातक किसी भी तरह की दक्षता प्राप्त नहीं करते हैं। और इसमें उनसे ज़्यादा दोष उनका है जो पाठ्यक्रम बनाते हैं। इस तरफ ध्यान दिया जाना बहुत ही ज़रूरी है।

एक और बात। एसबीआई की यह शोध बताती है कि एक तरफ जहां देश में युवा और काम करने वाले बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ देश उतनी ही तेज़ी से बूढ़ा भी हो रहा है। असल में देश में जनसंख्या वृद्धि की दर में कमी आ रही है और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है। इस कारण यह एक तथ्य है कि सन 2011 से 2024 के बीच देश की आबादी में बुज़ुर्गों की हिस्सेदारी दो प्रतिशत बढ़ी है। सन 2011 में जहां केवल 8.6% अर्थात 10.4 करोड़ बुज़ुर्ग थे, अब 2024 में वे बढ़कर 10.6% अर्थात 15 करोड़ हो गए हैं। इनमें से बहुत सारे जो सरकारी या ऐसी ही किसी नौकरी में थे रिटायर हो चुके हैं और उनकी पेंशन और उन्हें देय अन्य सुविधाओं पर काफी व्यय होता है, वहीं दूसरी तरफ जिन्हें पेंशन नहीं मिलती है उनके सामने दो वक़्त की रोटी जुटाने का संकट भी खड़ा होता है और कोई भी सरकार इस संकट की अनदेखी नहीं कर सकती है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सब को मिले, यह देखना सरकार का दायित्व है। केवल स्वास्थ्य सुविधाएं ही नहीं, सम्मानजनक जीवन यापन की सारी सुविधाएं जुटाना सरकार का प्राथमिक कर्तव्य है।

जनसंख्या परिदृश्य में जो बदलाव आ रहे हैं उन पर निगाह रखना और उनके अनुसार नीतियां और योजनाएं बनाना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार की, बल्कि किसी भी सरकार की पहली ज़िम्मेदारी होनी चाहिए। यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इस मामले में हमारी सरकारों का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने वादे तो खूब किए हैं, सब्ज़ बाग़ दिखाने में कोई सरकार किसी अन्य सरकार से पीछे नहीं रही है, लेकिन उन वादों को यथार्थ का परिधान पहनाने में प्रायः कोताही बरती गई है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। और यहीं यह भी कि सन 2021 में जो जनगणना होनी थी, उसे अब शीघ्रातिशीघ्र करवाया जाना चाहिए ताकि सही और पर्याप्त तथ्य नीति निर्माताओं के सामने हों।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# राठौड़ राजवंश की कुलदेवी नागणेच्या माता



**सत्यप्रकाश शर्मा**

राजपूतों के विभिन्न कुलों द्वारा विभिन्न देवियां कुल देवियों के रुप में पूजी जाती है। राजपूतों में राठौड़ों को अलग ही गौरव प्राप्त है शूरवीरता के उन्होंने जो आयाम स्थापित किए, वे देश में ही नहीं वरन् दुनिया में मिसाल बने इसलिए उनका स्थायी विशेषण 'रणबंका' बना। इन रणबंका राठौड़ राजपूतों की कुलदेवी 'नागणेच्या देवी' है। राठोड़ों की इस कुल देवी का नाम 'नागाणा' नामक स्थान से जुड़ा होने से इनको 'नागाणा री राय' (नागाणा की अधिष्ठात्री देवी) भी कहा जाता है 'नागाणा' एक गांव है जो राजस्थान राज्य के बाड़मेर जिले में स्थित है। इतिहासकारों के अनुसार इस बारे में एक कहावत भी प्रचलित है। 'नागाणा री राय, करै बैल नै गाय'। इसका मतलब है कि एक बार एक चोर बैल चुराकर भाग रहा था, पता चलने पर लोगों ने उस चोर का पीछा किया तो वह चोर डरकर मंदिर में जाकर छुप गया। व देवी से रक्षा करने की प्रार्थना की व शपथ ली आज के बाद कभी चोरी नहीं करुंगा तो उसी समय माता नागणेच्या के आशीर्वाद से वे दोनों बैल गाय बन गये, व वह चोर लोगों के कोप से बच गया।

इतिहासकारों के मतानुसार श्री नागणेच्या माता जी का मंदिर राठौड़ वंश के संस्थापक राव सीहाजी के पोत्र राव धूहड जी, तत्कालीन खेड़ प्रदेश के शासक ने 1305 ई. में स्थापित किया था। राठौड़ों की वंशावली में उनकी राजधानी कर्नाटक और कन्नौज बतलाई गई है। मारवाड़ के राठौड़ 'राव सीहा जी' के वंशज माने जाते हैं। माना जाता है कि लगभग सात सौ वर्ष पूर्व राव सीहा जी द्वारिका यात्रा के समय मारवाड़ आये और राठौड़ वंश की नींव रखी। राव सीहा जी राठौड़ों के आदि पुरुष थे। इसी कारण से सूर्यवंशी राठौड़ राजवंश की कुलदेवी हैं 'श्री नागणेच्या देवी'। माना जाता है कि राठौड़ वंश के संस्थापक राव सीहा जी के पौत्र राव धूहड जी व पिथाजी सोढ्ढा कन्नौज गये, जहां पर राठौड़ राजाओं का राज था।

वहीं से नागणेच्या देवी की मूर्ति लाकर बाड़मेर जिले के कल्याणपुर गांव के पास 'नागाणा' नामक स्थान पर नागणेच्या देवी की मूर्ति स्थापित कर मंदिर का निर्माण करवाया। वहीं कुछ अन्य इतिहासकारों के अनुसार राव धूहड जी दक्षिण भारत के कोंकण जो (कर्नाटक) राज्य में स्थित है, से अपनी कुलदेवी चक्रेश्वरी माता नागणेच्या की मूर्ति लेकर आये और 'नागाणा' में मूर्ति की स्थापना की। इस प्रकार वहां स्थापित देवी 'माता नागणेच्या' के नाम से प्रसिद्ध हुई व राठौड़ वंश के राजपूतों के द्वारा पूजि जाने लगी।

राजपूत जाति के साथ ही कई अन्य जातियां जैसे- ओसवाल, राजपुरोहित, घांची, सुनार व प्रजापति व और अन्य जातियां भी माता नागणेच्या को अपनी कुलदेवी के रुप में पूजती है। इस धाम में सभी जातियों के लोगों की आस्था होने के कारण यह माता नागणेच्या का स्थान मारवाड़ का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान बन गया।

माता नागणेच्या सतयुग में मंछा देवी, त्रेतायुग में राठेश्वरी देवी, द्वापरयुग में पंखीणी देवी व कलयुग में 'नागणेच्या देवी' के रुप में पूजी जाने लगी।

ग्रंथों में वर्णानुसार "अष्टा दशभुजाओं वाली नागणेच्या माता महिष मर्दिनी का स्वरूप है। बाज या चील पक्षी उनका प्रतीक चिह्न है। जो कि जोधपुर रियासत, बीकानेर रियासत व किशनगढ़ रियासत के ध्वजों पर अंकित है।" नागणेच्या देवी को जोधपुर राज्य की कुलदेवी माना जाता है।

माता नागणेच्या के राज्य में कई और मंदिर भी है इन्हीं में एक बीकानेर में शहर से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण पूर्व में है। देवी नागणेच्या का यह मंदिर एक विशाल और ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, जिसके अन्दर अष्टादशभुजाओं वाली नागणेच्या देवी की चांदी की मूर्ति स्थापित है। इतिहासकारों के अनुसार देवी नागणेच्या की यह प्रतिमा बीकानेर राज्य के संस्थापक राव बीकाजी अन्य राज चिन्हों के साथ अपने पैतृक राज्य जोधपुर से बीकानेर लाए थे। वहीं माता का एक मंदिर जालौर में भी है। लेकिन मुख्य धाम 'नागाणा' को ही माना जाता है।

कहा जाता है कि राव धूहड जी ने माता नागणेच्या का मंदिर स्थापित कर 'नागणेच्या खांप राठौड़ों' को कुलदेवी की पूजा-अर्चना करने का आदेश व अधिकार दिया था। उन्होंने अपनी कुलदेवी नागणेच्या माता के नाम जमीन भी दी थी, जिससे मंदिर का रख-रखाव व विस्तार किया जा सके।



25 मार्च 2007 को राव धूहड जी जयंती एवं नागणेच्या माता के पाटोत्सव के अवसर पर जोधपुर के पूर्व महाराजा गज सिंह की अध्यक्षता में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें तत्कालीन महामहिम उप राष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत मुख्य अतिथि थे व मारवाड़ के कई गणमान्य लोग व साधु संत भी थे। इस सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि। इस ऐतिहासिक तीर्थ स्थान के संचालन व मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु एक ट्रस्ट का गठन किया जाए। इस प्रकार 5 मई 2007 को 'नागणेच्या माता ट्रस्ट नागाणा' का विधिवत गठन हुआ।

वर्तमान में इस ट्रस्ट के न्यासी गण है। अध्यक्ष गज सिंह पूर्व महाराजा जोधपुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महारानी हेमलता राजे, उपाध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल, महामंत्री ब्रिगेडियर शक्ति सिंह (से.नि.), मंत्री उम्मेद सिंह अराबा व अन्य न्यासी गण स्वामी प्रतापपुरी गादीपति तारातरा मठ, गजेन्द्र सिंह खींवसर, भवानी सिंह पाल, राजेश धनराज राठी, मेजर मानवेन्द्र सिंह जसोल व डा. समरजीत सिंह दासपां। ट्रस्ट मंडल उत्तरोत्तर मंदिर के भव्य निर्माण की और अग्रसर है।

श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए एक आधुनिक सुविधाओं वाली धर्म शाला है, एक अत्याधुनिक उपकरणों वाली भोजन शाला है जिसमें श्रद्धालु को बहुत कम लागत पर शुद्ध व सात्विक भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। यात्रीगण स्वयं भोजन प्रसाद बनाना चाहें तो उनके लिए सभी सुविधाओं वाली एक पाकशाला भी है। दर्शनार्थियों के ठहरने के लिए और भी कई धर्मशालाएं है। माता के धाम पर आने वाले श्रद्धालु रेल मार्ग द्वारा जोधपुर, पचपदरा या समदड़ी पहुंचकर वहां से सड़क मार्ग द्वारा कल्याणपुर से माता नागणेच्या देवी के मंदिर आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं निजी वाहन द्वारा सड़क मार्ग से भी माता के धाम तक पहुंच सकते हैं।

**–सत्यप्रकाश शर्मा, जोधपुर।**

# बाल मुकुंद ओझा को "स्व. घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट" अवार्ड मिला

## अमरसिंह चौहान को किशन कुमार व्यास आजाद स्मृति सम्मान से नवाजा

- **अगले वर्ष से दिनेश चंद्र सक्सेना की स्मृति में युवा जनसंपर्ककर्मी सम्मान दिया जाएगा**
- **प्रसार का राज्य स्तरीय जनसंपर्क सम्मान समारोह जिला उद्योग संघ भवन में आयोजित**

**बीकानेर,** (निसं)। पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान (प्रसार) का राज्य स्तरीय जनसंपर्क सम्मान समारोह रविवार को रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र स्थित जिला उद्योग संघ भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्व. घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक चूरु के बाल मुकुंद ओझा तथा स्व. किशन कुमार व्यास 'आजाद' स्मृति जनसंपर्क रत्न अवार्ड पूर्व सहायक निदेशक बीकानेर के अमर सिंह चौहान को अर्पित किया गया। कार्यक्रम जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक दिनेश चंद्र सक्सेना को समर्पित रहा। इस दौरान चंपा खेड़ी (मेड़ता) के वरिष्ठ साहित्यकार देवकिशन राजपुरोहित को विशिष्ठ सेवा सम्मान दिया गया।



**बाल मुकुंद ओझा को घनश्याम गोस्वामी स्मृति और अमर सिंह चौहान को किशन कुमार व्यास आजाद मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास थे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में जनसंपर्क विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। विभाग के पूर्व अधिकारियों को सम्मानित करने की परंपरा उनके योगदान को याद करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इससे जनसंपर्क सेवा के युवा अधिकारियों को प्रेरणा मिलेगी। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान हमारे संस्कार हैं। प्रसार द्वारा इस दिशा में बेहतर पहल की गई है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजन अनुभव की पाठशाला होते हैं। इनसे सीखना हमेशा ज्ञानवर्धक होता है। वरिष्ठ कवि कथाकार राजेंद्र जोशी ने दिनेश चंद्र सक्सेना के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सक्सेना ने जनसंपर्क के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किया।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने कहा कि जनसंपर्क विभाग में सदैव बीकानेर का बेहतर प्रतिनिधित्व रहा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जनसंपर्क विधा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है। प्रसार द्वारा युवाओं को इससे जुड़ा प्रशिक्षण किया जाता है, तो जिला उद्योग संघ इसके आयोजन में भागीदारी निभाएगा।

प्रसार के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य ने कहा कि अगले वर्ष से दिनेश चंद्र सक्सेना की स्मृति में युवा जनसंपर्क कर्मी को भी पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने अब तक की आयोजनों के बारे में बताया और स्व. घनश्याम गोस्वामी तथा स्व. किशन कुमार व्यास आजाद के व्यक्तित्व से जुड़े पहलुओं को रखा। सम्मान के पश्चात बालमुकुंद ओझा ने बीकानेर पदस्थापन से जुड़ी यादें सांझा की। उन्होंने जनसंपर्क के माध्यमों में आए बदलाव के बारे में बताया और कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के दौर में जनसंपर्क का कार्य आसान हुआ है, लेकिन इसमें चुनौतियां बढ़ी हैं। इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर तथा दिनेश चंद्र सक्सेना को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार, गोपाल जोशी तथा करियर काउंसलर डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। अतिथियों ने साफा, शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर राजपुरोहित, ओझा और चौहान का सम्मान किया। जनसंपर्क अधिकारी अमनदीप बिश्नोई ने आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया। इस दौरान नारायण दास आचार्य, नारायण दास रंगा, सुभाष बलवदा, संजय पुरोहित, डॉ. विजय शंकर आचार्य, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास, डॉ. नमामि शंकर आचार्य, शंकर सिंह राजपुरोहित, मनमोहन कल्याणी, मालकोश आचार्य, पवन सारस्वत, हेमाराम जोशी, दुर्गाशंकर आचार्य, अविनाश आचार्य, अमित व्यास, दिनेश चूरा, सुभाष जोशी, जनसंपर्क विभाग के पूर्व कार्मिक राजेंद्र कुमार भार्गव, राजेंद्र जोशी, फिरोज खान, रमेश साध, विक्रम सिंह, आनंद सिंह, केशव आचार्य तथा स्व. घनश्याम गोस्वामी, किशन कुमार व्यास और दिनेश चंद्र सक्सेना के परिजन सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बीकनेर में जर्जर भवनों की सुध नहीं ले रहा निगम प्रशासन

- **नगर निगम प्रशासन ने मकानों को चिन्हित कर भवन मालिकों को नोटिस जरूर थमाए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई**

**बीकानेर,** (निसं)। शहर की चारदीवारी में कुछ भवन ऐसे हैं जो न सिर्फ बीकानेर की साख पर बट्टा लगा रहे हैं, बल्कि दुर्घटना को भी न्योता दे रहे हैं। पुराने शहर में बैदों की पिरोल में ऐसे कई मकान देखने को मिले हैं। इन मकानों की हालत जर्जर हो चुकी है।

लेकिन भवन मालिक इनकी संभाल नहीं कर रहे। नतीजन अब ये जर्जर भवन क्षेत्रीय लोगों के लिए भी खतरा बन गए हैं। हालांकि नगर निगम प्रशासन ने इन मकानों को चिन्हित कर उनके भवन मालिकों को नोटिस जरूर थमाए हैं। बावजूद इसके निगम की कार्रवाई महज कागजों तक सीमित है। जैसे निगम किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई करने आने वाली टीम भ्रमण कर निकल जाती है। इनको गिराने का काम नहीं कर रही है। जबकि निगम में अनेक बार शिकायत भी की जा चुकी है। यदि भवन मालिक मकान ध्वस्त नहीं करता है, तो निगम ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा। हालांकि कार्रवाई के नाम पर महज कुछ मकानों को ही ध्वस्त किया गया है। इस पर जोन अधिकारियों का तर्क है कि चिह्नित मकानों में अधिकतर पारिवारिक विवाद से जुड़े का तर्क देते हैं, लेकिन इस तर्क के चलते आसपास के लोग परेशान है। उन्हें हरदम इन मकानों के गिरने का खतरा बरकरार रहता है। स्थानीय निवासी विजय रांका ने बताया कि जर्जर इमारतें कभी भी बड़े हादसे को अंजाम दे सकती है। जब वे यहां से गुजरते हैं तो डर सा बना रहता है। हर समय गलियों में बच्चे भी खेलते रहते हैं। यह एक गंभीर समस्या है प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। लोगों ने यह भी बताया है कि जहां ये मकान स्थित है वहां काफी तंग गलियां है। यहां न तो एम्बुलेंस जाने की सुविधा है और न ही दमकल गाड़ियों की। ऐसे में कोई बड़ा हादसा हुआ तो काफी नुकसान हो सकता है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 7 अक्टूबर, 2024**

अश्विन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 2:25 तक, प्रीति योग प्रातः 6:40 तक, विष्टि करण प्रातः 9:48 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-वृष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 2:25 तक है। रवियोग रात्रि 2:25 से आरम्भ होगी। आज भद्रा प्रातः 9:48 तक रहेगी। आज उपांग ललिता व्रत, ललिता पंचमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:52 तक, शुभ 9:20 से 10:48 तक, चर 1:42 से 3:19 तक, लाभ-अमृत 3:09 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:26, सूर्यास्त 6:03

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी अनबन बढ़ने का भय है। परिजनों के व्यवहार के कारण परेशानी हो सकती है।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अतिथियों का आगमन बना रहेगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।


**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**मकर**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**कुंभ**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक-धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

# टीम सखी की सामूहिक सामाजिक एकता अखण्डता की चुनरी यात्रा अपने आप में रही अभूतपूर्व




गौशाला अनावरण एवं टीम सखी चुनरी यात्रा में शामिल महिला पुरुष बच्चे ।

**रामगंजमंडी**(निसं)। हाल ही में नव गठित श्री फलोदी श्री फलोदी गौशाला सेवा समिति के तत्वाधान में मेड़तवाल वैश्य समाज माँ फलोदी भक्तजनों ने मिलकर अप्रतिम अनुकरणीय पहल शारदीय नवरात्री में श्री फलोदी गौशाला के नव निर्मित गौ संरक्षण हेतु सामूहिक सहयोग से बनाये हुए अत्याधुनिक गौ चरागाह टीन शेड से की।

कार्यक्रम के सोशल प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर मिडिया प्रभारी डॉ नयन प्रकाश गाँधी ने बताया कि गौशाला के अनावरण के साथ अखिल भारतीय स्तर पर टीम सखी की पारमार्थिक महिला सशक्तिकरण देवी माँ फलोदी को समर्पित चतुर्थी चुनरी यात्रा का शुभारम्भ गौ माता राष्ट्रमाता को चरितार्थ करते हुए चुनरी यात्रा का शुभ शुरुआत की गई।कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री की कोटा के कार्यक्रमों की पूर्व व्यस्तता चलते ओएसडी शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार मेडतवाल वैश्य समाज के गौरव सतीश गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में दोनों कार्यक्रम गौशाला और चुनरी यात्रा की शुरुआत की।गाँधी ने बताया की कार्यक्रम में भोजन प्रसादी सेवक पन्नालाल लक्ष्मीचंद चौधरी खैराबाद सहित ट्रस्ट अध्यक्ष माणकचंद आचौलिया नगर सेठ झालरापाटन मार्गदर्शक केदार काका कार्यवाहक अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता व कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद गुप्ता सहित मेड़तवाल वैश्य समाज के हजारों बंधुओं की उपस्थिति में किया गया।मुख्य अतिथि सतीश गुप्ता ने समाज मे नित निरंतर गौशाला एवं टीम सखी के आध्यात्मिक चुनरी यात्रा एवं इसके पीछे के सामाजिक समरसता सामाजिक उन्नित हेतु माँ फलोदी के आशीर्वाद की सभी समाज जनों हेतु मंगलकामना की और कहा मेड़तवाल समाज और रामगंजमंडी क्षेत्र के विकास के पर्याय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के अनुपस्थिति में सतीश गुप्ता ने शुभकामना संदेश वाचन किया और समस्त सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर आगे आने वाले समाज बंधुओ को बधाई दी।मीडिया प्रभारी डॉ नयन प्रकाश गांधी ने बताया की टीम सखी सयोंजिका कृष्णा गुप्ता रावतभाटा, कामाक्षी गुप्ता भवानीमंडी, कुसुम जमीदार जीरापुर के निर्देशानुसार 3333 मीटर लम्बी चुनरी यात्रा फलोदी गौशाला से माँ फलोदी धाम के दरबार में जाकर ख़त्म हुई और चुनरी यात्रा के साथ समाज बंधू माताजी के भजनों पर आनंद लेते हुए चुनरी को आगे बढ़ाते चलते गए।सामूहिक सामाजिक एकता अखण्डता की चुनरी यात्रा अपने आप में अभूतपूर्व हुई।

## हैल्थ चेकअप कैंप आयोजित

**भरतपुर** (निस)। लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा अपने सेवा सप्ताह की गतिविधियों में विश्व प्रिय शास्त्री पार्क में सुबह 6 से निशुल्क डायबिटीज जांच व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पार्क में प्रातः कालीन भ्रमण पर आने वाले वह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक 288 महिलाओ व पुरुषों की डायबिटीज व 90 लोगों की रक्तचाप की जांच की गई। जिसमें 65 पुरुष व महिलाएं ऐसे चिन्हित किया गए जिन्हें पहली बार पता चला कि उन्हें मधुमेह या ब्लड प्रेशर है। शिविर में उपस्थित डॉक्टर राजकुमार शर्मा व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को खान-पान व स्वस्थ जीवन शैली जीने के बारे में जागरूकता प्रदान की गई। उपस्थित लोगों ने क्लब की गतिविधियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए बताया गया कि आज के मशीनी युग में व्यक्ति जहां एकाकी व तनावपूर्ण जीवन जी रहा है वहीं लायंस क्लब रॉयल्स इस प्रकार की गतिविधि कर समाज सेवा में मानवता का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। क्लब अध्यक्ष मंजू गुप्ता मोनालिसा वह सेवा सप्ताह के कार्यक्रम संयोजक ब्रजमोहन गुप्ता द्वारा बताया गया कि सेवा गतिविधियों में 8 अक्टूबर मंगलवार को देशवार हॉस्पिटल में सुबह 8 से निशुल्क नेत्र परीक्षण दवा चश्मा वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।

## सेवा भारती ने किया नवरात्रि पर कन्याओं का पूजन

**रावतभाटा** । सेवा भारती रावतभाटा द्वारा रविवार को श्री नहार सिंह माता जी मंदिर कुम्हार मोहल्ला में विशाल कन्या पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की सभी बस्तियों की बड़ी संख्या में कन्याओं का विधिपूर्वक पूजन तिलक कलवा बांध पूजा अर्चना कर महाआरती कर कन्याओं को हलवा पूड़ी सब्जी की महाप्रसादी कराया गया।

कन्या पूजन में परम सानिध्य चितौड़ प्रांत मंत्री गोपीराज सोनी का रहा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष रावतभाटा पुलिस उपाधीक्षक प्रभुलाल कुमावत एवं अथिति राकेश मीणा, पंकज कुमार रहे। मां भगवती की ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गोपीराज सोनी ने कहा कि जब देवी शक्ति की पूजा होती है तो धन वैभव की प्राप्ति होती हैं, मातृ शक्ति देवी मां का स्वरूपा हैं कन्या पूजन परिवार में खुशहाली का प्रतीक हैं। हम सभी को समाज में समरसता हेतु मिलकर देशहित में कार्य करना है। हम सभी को मातृशक्ति का सम्मान करना चाहिए।

इस अवसर पर रावतभाटा पुलिस उपाधीक्षक प्रभुलाल कुमावत ने कहा कि नवरात्रि पर्व हम सभी के जीवन के लिए मंगलदायक है हम सभी को मिलकर भूर्ण हत्या जैसी कुरीति को रोकना हैं कन्या मां दुर्गा का स्वरूप हैं जिसका हम सभी को अदार सम्मान करना हैं। आभार तहसील उपाध्यक्ष सुरेशचंद्र गौड़ ने जताया, अंजू कंवर ने माता जी के भजन चौसठ जोगणिया की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भजन पर मेंहदी केंद्र की लावण्या नायक ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। सेवा भारती प्रकल्पों से नो दुर्गा का स्वरूप बनकर आईं जिनका सभी ने आशीर्वाद लिया ।

## सीता स्वयंवर की लीला का किया मंचन

**अंता ।** श्रीराम कला मंडल समिति अंता द्वारा श्रीराम रंग मंच पर गढ़ परिसर में शनिवार को शाम 8:00 बजे रामलीला का मंचन शुरू हुआ। जिसमें धनुष यज्ञ में बाहुबली लंका नरेश रावण द्वारा शिव धनुष तोड़े जाने से विफल हो जाने तथा राजा जनक की प्रतिज्ञा को पूर्ण करने के लिए गुरू विश्वामित्र की आज्ञा पाकर शिवधनुष को नमन कर रघुनंदन ने शिव धनुष को तोड़ने के साथ ही पांडाल जय श्री राम के जय घोष से गूंज उठा। इस मौके पर पहुंचे भगवान परशुराम की तनी हुई भृकुटी को देख कर वहां मौजूद सभी राजा महाराजा स्वयं राजा जनक ने भी घबराए हुए उनका स्वागत किया। शिव धनुष को तोडने से कुपित परशुराम ने कहा कि हे राजा जनक जल्दी बता ये धनुष किसने तोड़ा है भरी सभा में सीता से नाता जोड़ा है।

# रोड़वेज बसों में बिना टिकट यात्रा करना पड़ेगा महंगा

**रावतभाटा** । राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में बिना टिकट यात्रा निवारण अधिनियम 1975, संषोधन 2021 के अंर्तगत बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री के साथ रोड़वेज विभाग द्वारा अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। रोडवेज प्रबंधन की और से पैसेंजर फॉल्ट नियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे अब बिना टिकट यात्री को भी संबंधित बस के परिचालक के साथ दोषी माना जाएंगा। ऐसे यात्री से किराए का 10 प्रतिशत जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके तहत बिना टिकट यात्रा करते पाए जाने पर रोड़वेज विभाग की उड़न दस्ता टीम द्वारा यात्री से किराया राशि का 10 गुणा या अधिकतम 2 हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा।

■ टीम द्वारा यात्री से किराया राशि का 10 गुणा या अधिकतम 2 हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा

**पूर्व में परिचालक पर ही होती थी**

**कार्रवाई :** आपको बता दें कि अब तक बिना टिकट यात्रा करने पर रोडवेज की उड़न दस्ता टीम द्वारा केवल परिचालक के खिलाफ ही कार्रवा की जाती थी। जांच दल की और से परिचालक के खिलाफ बेटिकट यात्रा करने वालों की संख्या के अनुसार कार्रवा होती थी। रोडवेज मुख्यालय ने बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए हैं। रोडवेज मुख्यालय इस व्यवस्था को सभी आगारो के द्वारा जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दे चुका हैं। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेषक पुरूशोत्तम षर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की रोडवेज में सफर करने वाले यात्री का दायित्व हैं, कि वह निर्धारित राषि का किराया परिचालक को देकर टिकट प्राप्त करे। परिचालक से टिकट नहीं लेने पर यह माना जाएगा कि वह बगैर टिकट यात्रा कर रहा हैं। इसलिए उसे जुर्माना देना पड़ेगा। अगर परिचालक की और से निर्धारित टिकट नहीं दिया जाता हैं, तो संबंधित परिचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवा के साथ जुर्माना वसूलने की कार्रवा की जाएगी। यात्री की और से जुर्माना नहीं देने पर उड़न दस्ता टीम के द्वारा संबंधित यात्री के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई जाएंगी।

# विकास हो लेकिन जंगल के विनाश की शर्त पर नहीं

**बारां ।** एक ओर तो पूरी दुनिया और देष के वैज्ञानिक बिगडते जलवायु संतुलन पर चिन्ता व्यक्त कर जंगल बढाने की योजना बना रहे है, वहीं दूसरी ओर राजस्थान के बारां जिले में स्थित दूसरे बड़े वन क्षेत्र किषनगंज-षाहबाद क्षेत्र में धीरे-धीरे सिकुड़ते वन क्षेत्र को लेकर लगातार चिन्ता व्यक्त की जा रही है।

ऐसे हालात में जहां प्रतिवर्ष राज्य सरकार और स्वंयसेवी संस्थाएं लाखों की संख्या में पौधारोपण कर जंगल के विस्तार में अपनी भागीदारी निभा रही है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा शाहबाद के घने जंगलों में विकास के नाम पर विद्युत पावर प्लांट को मंजूरी देकर सवा लाख से अधिक पेड़ों की कटाई किया जाना उचित नहीं है, क्योंकि यह जंगल संरक्षित वन क्षेत्र के साथ-साथ चीता अभ्यारण्य तथा बेषकीमती आयुर्वेदिक जडी-बूटियों के लिए ख्यातनाम है। राजस्थान दुकानदार महासंघ के जिलाध्यक्ष ललितमोहन खण्डेलवाल, प्रमुख व्यापारी सरोज कुमार जैन, पवन कुमार डोलिया, हेमराज गोयल, जिनेन्द्र कुमार जैन, माजिद सलीम, शषिकान्त जैन, अली भाई बोहरा, कन्हैयालाल चित्तोड़ा, आनन्द बंसल, आसिफ हुसैन, नरेन्द्र कुमार बत्रा, मनोज विजय, भारत जैन, मनोज मारू, योगेन्द्र कसेरा, भानू पोरवाल, अष्विनी कुमार बंसल, राजेन्द्र गर्ग, प्रमोद थुणगर, विमल बंसल, राजेन्द्र कुमार मंगल, पीयूष गर्ग, नरेष खण्डेलवाल, अर्पित शर्मा आदि व्यापारियों ने विज्ञिप्त जारी कर बताया कि संभाग भर में इस जंगल के विनाष को लेकर उठ रहे विरोध में राजस्थान दुकानदार महासंघ, पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक संस्थाओं सहित जिले के व्यापारियों में भी गहरी चिन्ता व्याप्त है।

व्यापारियों ने बताया कि विकास का कई विरोध नहीं होता है लेकिन विकास के नाम पर विनाश वह भी वहां जहां पर सैकड़ों की संख्या में वन्यजीव, सवा लाख पेड़, पुरासम्पदा तथा पर्यावरण का विनाष हो रहा हो, ऐसे में विकास का विरोध होना स्वाभाविक है। सभी व्यापारियों व पर्यावरण प्रेमियों ने राज्य व केन्द्र सरकार से मांग करते हुए सवा लाख पेड़ों को बलि से रोकने की दिषा में पावर प्लाण्ट प्रबन्धकों से चर्चा कर ऐसा कोई विकल्प तैयार हो कि विकास भी हो और वनों का विनाष भी नही हो क्योंकि यह क्षेत्र घने जंगलों की दृष्टि से हाड़ौती का चैरापूंजी क्षेत्र कहा जाता है।

## दांगी समाज ने लगाए विभिन्न प्रजाति के पौधे

**झालावाड़।** दांगी समाज झालावाड़ द्वारा शारदीय नवरात्रा के पावन अवसर पर माता रानी को प्रसन्न करने के लिए खंडिया चौराहा के डिवाइडर के मध्य विभिन्न प्रजाति कोना,कर्मस, देसी कनेर, टिकोमा, गुड्डी चूड़ी के पौधे लगाए गए इस अवसर पर सह भागी बने शंकर लाल दांगी मार्गदर्शक, सालिगराम दांगी जिला महामंत्री दांगी समाज, विष्णु प्रसाद दांगी उपाध्यक्ष कर्मचारी संघ, रामबाबू दांगी सहायक सांख्यिकी अधिकारी, हेमराज दांगी मीडिया प्रभारी दांगी समाज, राकेश दांगी एम आर, तुलसीराम महिला प्रकोष्ठ से कैलाश दांगी, कृष्णा दांगी तथा उपस्थित सभी नागरिकों ने पौधों की नियमित देखभाल वह पानी पिलाने की शपथ ली।

## 'शहर की अव्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं कर पा रही सरकार'

**बून्दी।** नगर परिषद बूंदी पर प्रशासनिक अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सत्येश शर्मा ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार व नगर परिषद की ट्रीपल इंजन की सरकार भी शहर की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त नहीं कर पा रही हैं। संसाधनों के अभाव में शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, गत सरकार में जो साधन उपलब्ध करवाए गए थे, उनको भी कबाड बना दिया। आश्चर्य इस बात का भी है यह सारे हालात बूंदी जिला मुख्यालय के नगर परिषद के है जो कि माननीय लोकसभा अध्यक्ष जी के गृह निर्वाचन क्षेत्र है।

सत्येश शर्मा ने कहा कि डीजल पेट्रोल के अभाव मे संसाधनो का उपयोग नहीं हो पा रहा है, शहर मे सफाई नहीं होने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। डेंगू से आम जनता के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी चपेट में आते जा रहे हैं।

नगर परिषद बूंदी की लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सभापति को अपदस्थ कर जिस प्रकार शहर की व्यवस्थाओं को सुचारु करने के सपने दिखाए गए थे, लंबा समय बीत जाने के बाद भी भाजपाई सभापति और नगर परिषद प्रशासन शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के बजाए और अधिक बिगाड़ चुके हैं। रोजाना केवल समाचार पत्रों में आश्वासन दिए जाते हैं, जिसका धरातल पर कोई लेना देना नहीं होता। दीपावली के महत्वपूर्ण त्योहार पर भी शहर के हालात बदतर हो चुके हैं। कर्मचारियों का वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा वहीं ठेकेदारों को भी भुगतान नहीं होने की वजह से विकास के कार्य पूर्ण रूप से ठप्प पड़े हुए है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**भरतपुर** (निस)। टैक्नोलॉजी पार्क स्थित हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्ययूशन्स में ताइक्वांडो की द्वितीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन निदेशक डॉ आलोक शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। 14 जिलों के 190 सीनियर-जूनियर प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें सब जूनियर वर्ग में 21, 23, 29, 27, 32 व 35 वर्ष के पुरूष वर्ग में क्रमशः करौली की टुकटुक, अलवर के तरूण सैन, अलवर की कृष्णा शर्मा, लक्ष्य, रणवीर व भरतपुर के रिषभ एवं शिवा ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में भरतपुर व अलवर ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम से पूर्व दीप प्रज्वलन कर निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने ताइक्वांडो मैच को प्रारम्भ कराया एवं उपस्थित प्रतियोगियों को खेल की भावन के साथ खेलने का आहवान किया। उन्होंने उपस्थित खिलाडियों को जीत एवं हार को सफलता का पैमाना नहीं बनाने के लिए प्रेरित किया। ड्रेगन वारियर मार्शल आर्ट एकेडमी के सुमित कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन द्वितीय वर्ष किया जा रहा है। जिसमें भरतपुर ताइक्वांडो एवं डिस्ट्रक्ट हैप क्रीडो की प्रमुख भूमिका रही है। इस अवसर पर एकेडमी के शिवमकुमार, विनय शर्मा, दयाराम ने निर्णायक भूमिका निभाई एवं अलवर, झालावाड, जयपुर, करौली, धौलपुर व भरतपुर से 11 कोचों ने विभिन्न आयु वर्ग के सब जूनियर व सीनियर वर्ग के 72 मैचों का निर्णय लिया। इस अवसर पर मंच का संचालन सुनील फौजदार ने किया एवं पुष्पेन्द्र सिंह, विजित पाल, सुमित कुमार, युवराज, निखिल व रिंकू गुर्जर को श्रेष्ठ कोच से पुरस्कृत किया गया।

# बून्दी जिले का प्रमुख शक्तिपीठ हैं ऐतिहासिक रक्तदंतिका माता मंदिर




बून्दी जिले मे रक्तदंतिका माता मंदिर।

**बून्दी।** रक्तदंतिका देवी की कथा के अनुसार एक बार वैप्रचिती नाम के एक असुर के आतंक से न केवल इन्सान बल्कि देवता भी अत्यन्त व्याकुल थें।तब देवताओं और पृथ्वी की प्रार्थना पर माँ दुर्गा ने रक्तदंतिका नाम से अवतार लेकर वैप्रचिती आदि असुरों के आतंक से पृथ्वी से भय मुक्त कर दिया।

इस देवी अवतार द्वारा असुरों को मारकर उनके रक्तपान करने के कारण 'रक्तदंतिका' नाम से विख्यात हुई। श्री दुर्गा सप्तशती के अंत में मूर्ति रहस्य के अंतर्गत माँ के स्वरूप का विस्तृत वर्णन मिलता है, जिसमें माँ का स्वरूप रक्तवर्णी और चतुर्भुजी है। दुर्गा सप्तशती के ग्यारहवें अध्याय के अनुसार, वैवस्वत मन्वंतर के 28वें युग में शुम्भ और निशुम्भ नामक दो अन्य महादैत्य उत्पन्न होंगे। तब मैं नंद के घर में उनकी पत्नी यशोदा के गर्भ से जन्म लेकर दोनों असुरों का नाश करूँगी। तत्पश्चात् पृथ्वी पर अवतार लेकर मैं वैप्रचिति नामक दैत्य के दो असुर पुत्रों का वध करूँगी। उन महादैत्यों का भक्षण कर लाल दन्त (दांत) होने के कारण तब स्वर्ग में देवता और धरती पर मनुष्य सदा मुझे 'रक्तदंतिका' कह मेरी स्तुति करेंगे।

रियासतकालीन रक्तदन्तिका माता मन्दिर की, जिससे जुड़ी कथाओं का उल्लेख मार्कण्डेयपुराण से निर्मित दुर्गासप्तशती में वर्णित है। बून्दी जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर ग्राम सथूर में चन्द्रभागा नदी के किनारे स्थित यह ऐतिहासिक रक्तदन्तिका माता शक्तिपीठ के नाम से जाना जाता है। दुर्गासप्तशती के अनुसार राजा सूरथ ने यहाँ सूरथपुरी नगरी बसाई, जो कालान्तर में अपभ्रंश रुप सथूर हो गया। यह सथूर ग्राम तीन बार आबाद हुआ और उजड़ा, अंतिम बार यह सथूर गांव संवत 1241 में बसा। जिसके प्रमाण यहाँ पर खुदाई पर प्राप्त पुराने परकोटे की भरी हुई नीवँ से होते हैं, यहाँ महाभारत कालीन अनेक प्राचीन ऐतिहासिक स्मारक प्राप्त हुए हैं। अभी भी यहां कई पुराने मकान, हवेलियों के भग्नावशेष मौजूद हैं।

**पूर्वाभिमुख बालुका प्रतिमा हैं रक्तदन्तिका माता की :** ग्राम सथूर में मजबूत परकोटे से घिरे हुए विशाल मंदिर में रक्तदन्तिका माता की पूर्वाभिमुख बालुका प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमा के दोनों ओर सिंहमुख के सादृश्य सिंहासन पर कमल पुष्प पर माता पद्मासन पर चतुर्भुज रूप में विराजित है। माता के शीर्ष दो हाथों में त्रिशूल और घंटा रूपी आयुध है, तो नीचे के एक हाथ में माला और दुसरा आशीर्वाद स्वरुप दर्शित है। चाँदी से निर्मित छतरी में यज्ञोपवित धारण किए हुए माता की प्रतिमा भव्य एवं अद्वितीय हैं। हालांकि मंदिर स्थापना से सम्बन्धित कोई शिलालेख उपलब्ध नहीं है, लेकिन 446 वर्ष पूर्व इसका अस्तित्व रहा है। बूंदी नरेश राव सुर्जन के पुत्र दूदा का इसी माता मंदिर मे पूजा अर्चना करते समय अकबर के सेनापति रणमस्त खाँ के साथ संघर्ष हुआ था। यहाँ पूर्व में बकरे की बलि दी जाती थी, जिसे महाराव राजा रामसिंह के राज्यादेश से 1865 ई. में बंद कर दिया गया। जिस चाँदी की छतरी का उल्लेख है, वह महाराव राजा रामसिंह की महारानी चंद्रभान कुँवरी द्वारा सं. 1920 में आश्विन शुक्ल अष्टमी को भेंट किया गया। मंदिर के सटे हुए दुर्गाविलास बाग में देवी भक्त महारानी चन्द्रभान कुँवरी का स्मारक है, जिनका स्वर्गवास यहीं पर सं.1942 मे हुआ था।

राजा सुरथ और समाधि वैश्य ने स्थापित की बालुका प्रतिमा

दुर्गा सप्तशती के अनुसार चैत्र वंश में उत्पन्न राजा सुरथ कोला विध्वंसी क्षित्रयों से युद्ध में हारने और मंत्रीगणों के विश्वासघात से दुखी राजा सुरथ मेधा मुनि के आश्रम में आए, तभी पत्नी और पुत्रों से प्रताड़ित समाधि नामक एक वैश्य भी आश्रम मे आया। मेधा मुनि के पूछे जाने पर समाधि वैश्य ने राजा के राज्य नष्ट होने का कारण बताते हुए पुनः राज्य प्राप्ति का उपाय बताने का निवेदन किया। पूरी बात सुनकर मेधा मुनि ने कार्य सिद्धि के लिए पूर्व दिशा की ओर जाते हुए चंद्रभागा के तट पर बाँस से घिरे क्षेत्र में जगदंबा की आराधना करने का उपाय बताया। मुनि के कथन के अनुसार राजा सुरथ और समाधि वैश्य ने चंद्रभागा के तट पर बालुका प्रतिमा बना कर तप शुरू कर दिया। अपने रक्त से प्रोषित बलि देते हुए संयमपूर्वक माता की आराधना करते रहे, प्रसन्न होकर माँ चण्डिका ने स्वयं प्रकट हो दर्शन देकर राजा को पुनः राज्य प्राप्ति का आशीर्वाद दिया। चंद्रभागा के किनारे घने बाँसों से घिरे इस क्षेत्र मे राजा सूरथ द्वारा स्थापित यह बालुका प्रतिमा रक्तदन्तिका के रूप में विराजित है।

## सार-समाचार

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**रामगंजमंडी**(निसं)।खैराबाद धाम के पन्नालाल लक्ष्मीचंद चौधरी परिवार द्वारा व समाज के सहयोग से रविवार को दिव्यांगजन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह दोपहर 3 बजे महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय खैराबाद में प्रारम्भ हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि कृष्णमुरारी दिलावर व शिक्षामंत्री के ओएसडी सतीश कुमार गुप्ता रहे।कार्यक्रम रामानुज कोट चेचट के मधुसूदनाचार्य महाराज व राजेन्द्र शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआजिसमें समाज के प्रतिष्ठित लोगों के द्वारा खैराबाद क्षेत्र के 35 दिव्यांग जनों का सम्मान किया गया।वहीं समाज के भामाशाह व समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया है।जिसमें प्रीतम गुप्ता मदन बाबा टाक श्री कृष्ण गौशाला रामेश्वर टॉक कुसुम टॉक,ल रामगोपाल गुप्ता नेताजी,ल मुकेश श्रृंगी अंजुमन कमेटी सदर सरफराज हाशमी रामगंजमंडी अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क भोजन व्यवस्था वह अपनी बेहतरीन सेवाओं के लिए जगदीश गुप्ता (एमआरएफ) व अन्य समाजसेवी भामाशाहों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल खैराबाद की ओर से पूर्व प्रधानाचार्य आशा कुमारी व स्कूल परिवार ने भामाशाह चौधरी परिवार के सदस्यों का सम्मान किया गया।चौधरी परिवार के हरि भाई चौधरी,ल भामाशाह मास्टर हुकुमचंद गुप्ता व उनकी पत्नि मोहन काका सोहनलाल गुप्ता व विट्ठल प्रसाद गुप्ता का माला पहना साफा बांध व शॉल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी दिलावर व सतीश गुप्ता का भी स्वागत सम्मान किया गया। समारोह में क्षेत्र के कई महिला पुरुष समाज बंधु शामिल हुए।अंत में भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

### स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव का आयोजन

**कोटा।** विश्व मानक दिवस 2024 के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान, और मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू), उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में 7 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे से "बप्पा रावल ऑडिटोरियम, में एक "स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव" का आयोजन किया जा रहा है। विश्व मानक दिवस को प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को उन विशेषज्ञों को सम्मानित करने के लिए वैश्विक रूप से मनाया जाता है, जो स्वैच्छिक अंतरराष्ट्रीय मानकों को विकसित करते हैं और उनके द्वारा यह सुनिश्चित करते हैं कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली उत्पाद और सेवाएं सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता की रहें।इस वर्ष का विषय, "बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टि: एसडीजी 9 (उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा) का समावेश," मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण, समावेशी और सतत औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना, और नवाचार को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।इस अवसर पर आयोजित "स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव" के उद्घाटन समारोह में महाराज कुमार साहिब डॉ. लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, साथ ही उदयपुर के जिला कलेक्टर श्री अरविंद कुमार पोस्वाल, आईएएस, कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। एमएलएसयू के प्रबंधन अध्ययन संकाय की निदेशक प्रो. मीरा माथुर और डॉ. अविनाश पंवार, नोडल अधिकारी, आईईटी और निदेशक, कंप्यूटर केंद्र, एमएलएसयू भी कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम श्रीमती कनिका कालिया, निदेशक और, प्रमुख, भारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान के मार्गदर्शन और विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा

### चितौड़गढ़ टीम ने अच्छा प्रदर्शन

**रावतभाटा** । 68 वी राज्य स्तरीय साइकलिंग रोड़ प्रतियोगिता राजसमंद जिले के भीम तहसील में आयोजित हो रही हैं। प्रतियोगिता में चितौड़गढ़ टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, दलाधीपती रामवतार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की मास स्टार्ट में 17 वर्ष छात्रा वर्ग में धांगड़मऊकला की छात्रा शकुंतला धाकड़ ने राज्य में छठा स्थान प्राप्त किया, 19 वर्ष छात्रा वर्ग में मोनिका धाकड़ ने भी छठा स्थान प्राप्त किया, छात्रा टीम प्रशिक्षक मनोज सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन सराहनीय रहा हैं, यह काफी महंगा खेल हैं बिना गियर की साइकिल से भी यह उपलब्धि सराहनीय हैं। छात्रों को अच्छी साइकिल उपलब्ध होतो और बेहतर परिणाम जिले को मिल सकते हैं। साइकलिंग ट्रैक में चित्तौड़गढ़ को सिल्वर मैडल प्रात हुआ था। महिला टीम प्रभारी सावित्री जोशी, छात्र टीम प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव, टीम शकुंतला धाकड़, प्रियंका मीणा, मुस्कान धाकड़, सरिता धाकड़, लाड बा भील, मोनिका धाकड़, लोकेंद्र सिंह गौड़, रामकिशन भील, लक्ष्मण भील, अमन खटीक, नितेश शर्मा मौजुद रहे।

### कमेटी का गठन किया

**रावतभाटा।** अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसायटी ने रविवार को जामा मस्जिद खिदमत कमेटी और मदरसा मोनिटरिगं कमेटी का गठन किया। सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को जामा मस्जिद खिदमत कमेटी मदरसा मोनिरिटिंग कमेटी का गठन किया गया, मदरसा मॉइंट्रिंगजामा मस्जिद खिदमत कमेटी में शाकिर हुसैन भाटी, जाकिर, रफीक खान, र स राठोड़, मंजूर अंसारी, सलामत शाह, विलायत अली, सरफराज अंसारी, जहीर खान, अकरम अंसारी, मो. फारूख ये सभी हजरात जामा मस्जिद में अपनी खिदमद को अंजाम देंगे। वही मदरसा मोनिटरिगं कमेटी में मो. फैयाज, रियाज खोकर, वसीम शैख, आबिद धारवाल, मेहबूब हसन, नफीस मोहम्मद, शाहरुख अब्बासी, आदिल मंसूरी, जावेद को मेंबर बनाया गया।

### भारत को जानो प्रतियोगिता संपन्न

**करौली( नि.स. )।** भारत विकास परिषद् शाखा करौली के तत्वावधान में रविवार को एक मैरिज गार्डन में भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। भारत को जानो प्रकल्प प्रभारी गोविन्द प्रसाद शर्मा पूर्व एडीओ ने बताया कि प्रश्न मंच प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में शिवा एकेडमी सी. सै. विद्यालय के प्रणय शर्मा व मेदांत शर्मा विजेता तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू (हरनगर) की छात्रा खुशी बाई जाटव व नीकेश माली उप विजेता रहे। इसी प्रकार प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में लोकहितकारी सी. सै. वि. के आकाश मीना व सौरभ गुर्जर विजेता तथा बाल भारती सेकंडरी स्कूल के तुषार गुप्ता व ज्योति सिंह उप विजेता रहे। मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार गुप्ता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों को पारितोषिक व प्रमाणपत्र प्रदान किए।सचिव कमलाकांत शर्मा ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता में करौली ब्लॉक के 17 विद्यालयों के एक हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### विद्यार्थियों को पहनाए जूते व मोजे

**बूंदी।** इनरव्हील क्लब ने विश्व शिक्षक दिवस पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नानकपुरिया में 40 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते व मोजे पहनाये। अध्यक्ष डा. पूर्णिमा दीक्षित ने बताया कि सामग्री प्रकार बच्चों के चेहरों पर खुशी छा गई। इस प्रोजेक्ट के लिये अरुणिमा शर्मा का सहयोग रहा। इस दौरान धर्मराज सैनी, दीपा गुप्ता, पुष्पा चौधरी, दीपा गुप्ता, सरोज वर्मा, शबनम परवीन, जगदीश मौजूद रहे।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक-3668 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 30.9.24

आवास संख्या 2-ज-12 केशवपुरा कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री रघुनाथ प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री गुडकीलाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती भूली बाई पत्नी श्री सत्यनारायण चौधरी के नाम दिनांक 25.09.2001 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती भूली बाई पत्नी श्री सत्यनारायण चौधरी के नाम दिनांक 31.12.2001 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती भूली बाई पत्नी श्री सत्यनारायण चौधरी की मृत्यु दिनांक 09.01.2021 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त इनके वारिसानों में श्री सत्यनारायण चौधरी पुत्र श्री रामचन्द्र एवं श्री संजय चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 22.06.2021 को श्री मनोज चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी एवं श्री अजय चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया। श्री मनोज चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी एवं श्री अजय चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास संख्या 2-ज-12 केशवपुरा कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर संयुक्त रूप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः इस आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र घोषणा पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्री मनोज चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी एवं श्री अजय चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी के नाम संयुक्त रूप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मनोज चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी एवं श्री अजय चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी के नाम संयुक्त रूप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री मनोज चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी एवं श्री अजय चौधरी पुत्र श्री सत्यनारायण चौधरी के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

# जैसलमेर में लापता दो बच्चों के शव पानी के टैंक में मिले

## दोनों बच्चों के शव पड़ोस के एक खाली मकान के पानी के टैंक में मिले

- **परिवार ने किडनैप और हत्या की आशंका जताते हुए शव लेने से इनकार किया**
- **परिजनों का आरोप है कि शवों पर चोट के निशान हैं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण सामने आएगा**

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर में लापता हुए दो बच्चों के शव वाटर टैंक में मिले हैं। परिवार ने किडनैप और हत्या की आशंका जताते हुए मासूमों की डेडबॉडी लेने से इनकार कर दिया है। उनका आरोप है कि शवों पर चोट के निशान हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण सामने आएगा। मामला जैलसमेर शहर के बबर मगरा इलाके का है।

शहर कोतवाल सवाईसिंह ने बताया कि बबर मगरा में रहने वाला आदिल (6) और हसनेन (7) शनिवार शाम चार बजे घरों के बाहर खेल रहे थे। इसके कुछ देर बाद वे गायब हो गए। काफी देर आसापास तलाशने के बाद शाम सात बजे पुलिस को सूचना दी गई। बच्चों को तलाश किया तो रात 11 बजे दोनों के शव पड़ोस के एक खाली मकान के पानी के टैंक में मिले। पुलिस ने शवों को जवाहिर हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। रविवार सुबह नौ बजे दोनों बच्चों के मर्डर का शक जाहिर करते हुए परिजन धरने पर बैठ गए। परिजन का कहना है कि आरोपियों को गिरफ्तारी के बाद ही शव लेंगे।

बच्चों के रिश्तेदार कमाल खान ने बताया कि एक बच्चे हसनेन के सिर में चोट के निशान हैं। वहीं, आदिल के गले पर ऐसे निशान हैं, जैसे उसका गला दबाया गया हो। दोनों बच्चों की निर्मम हत्या हुई है। इसकी जांच होनी चाहिए। कमाल ने बताया कि जिस टांके (पानी का टैंक) में दोनों शव मिले उसका ढक्कन बंद था। टांके में दो फीट एक इंच ही पानी था। जबकि दोनों बच्चों की लंबाई 3 फीट से ज्यादा है। दोनों का मर्डर कर टांके में डाला गया है। आदिल के पिता शौकत खान मदरसा पैरा टीचर हैं। आदिल उनका इकलौता बेटा था। जबकि हसनेन के पिता पीरबख्स मजदूरी करते हैं। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

वहीं जैसलमेर एसपी सुधीर चौधरी ने कहा इस मामले पर स्पेशल टीम और डीएसटी को लगाया है। परिजन जैसी रिपोर्ट देंगे वैसे जांच को आगे बढ़ाएंगे। पोस्टमार्टम के बाद मौत के सही कारण पता लग सकेंगे।

# सीमा पार से हेरोइन मंगवाने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

## भारत-पाक सीमा पार से 2.100 किलो हेरोइन मंगवाने के संबंध में खाजूवाला थाना में प्रकरण दर्ज था

**छतरगढ़,** (निसं)। थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए सीमा पार से अवैध मादक पदार्थ हेरोइन मंगवाने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। भारत-पाक सीमा पार से 2 किलो 100 ग्राम हेरोइन मंगवाने के संबंध में खाजूवाला थाना में अज्ञात आरोपीपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज था। आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के लिए न्यायालय के आदेश पर पांच दिन का रिमांड लिया गया है।

टीम का कार्य व भूमिका में महानिरीक्षक पुलिस, बीकानेर रेंज ओमप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक जिला बीकानेर कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्यारेलाल श्योरान व वृताधिकारी वृत खाजूवाला के निकट सुपरविजन में प्रकरण एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना खाजूवाला में संदीप कुमार उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना छतरगढ़ मय थाना जाप्ता, बलवन्त कुमार उनि. थानाधिकारी खाजूवाला मय थाना जाप्ता व वृत कार्यालय खाजूवाला की पुलिस टीम द्वारा भारत-पाक सीमा पार से 2 किलो 100 ग्राम हेरोइन जरिये ड्रोन मंगवाने वाले अज्ञात मुल्जिमान की तलाश के लिए अभियान चलाया।

गिरफ्तार आरोपियों में बलदेव सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी जोदाबैनी पुलिस थाना जलालाबाद जिला फाजिल्का, पंजाब, मस्तान सिंह पुत्र इंदर सिंह निवासी चक 20 एफ.टी.पी फतेहपुर पुलिस थाना संगरिया जिला हनुमानगढ़, महेन्द्र सिंह पुत्र पुर्ण सिंह रायसिख निवासी मुहार खिवा पुलिस थाना फाजिल्का सदर जिला फाजिल्का, पंजाब, अमरीक सिंह पुत्र प्रितम सिंह निवासी जोदाबैनी पुलिस थाना जलालाबाद जिला फाजिल्का पंजाब, हरभजन सिंह पुत्र प्यारसिंह निवासी जोदाबैनी पुलिस थाना जलालाबाद जिला फाजिल्का पंजाब, परगट सिंह पुत्र मस्तान सिंहनिवासी 20 एफ.टी.पी. फतेहपुर पुलिस थाना सगंरिया जिला हनुमानगढ़ को पकड़ा।

# चलती स्कॉर्पियो में आग लगी, परिवार बाल-बाल बचा



आग लगने चलती स्कॉर्पियो में उठता हुआ धुआं।

- **स्कॉर्पियो को ब्रेक लगाकर रोका और आनन-फानन में सभी सदस्यों को बाहर निकाला**
- **एक ही परिवार के छह सदस्य स्कॉर्पियो से अजमेर से सांवरियाजी के दर्शन को जा रहे थे**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे-48 पर अजमेर-भीलवाड़ा के नीच बेरां चौराहे के निकट रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे एक परिवार के छह सदस्य बाल-बाल बच गये।

जानकारी के अनुसार परिवार वाले अजमेर से सांवरियाजी के दर्शन को जा रहे थे, तभी हाइवे पर दौड़ती उनकी स्कॉर्पियो अचानक भभक उठी और देखते ही देखते आग का गोला बन गई। चालक ने सतर्कता बरतते हुये स्कॉर्पियो रोक दी और सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आये। जानकारी के अनुसार काकरिया अजमेर निवासी शिवराज पुत्र मंगल गुर्जर अपने परिवार के छह सदस्यों के साथ सुबह अजमेर से रवाना हुये। वे, सांवरियाजी के दर्शन को जा रहे थे। हाइवे पर दौड़ती स्कॉर्पियो बेरां गांव के पास पहुंची थी, तभी अचानक स्कॉर्पियों से धुआं और आग की लपटें उठने लगी। यह देखकर स्कॉर्पियो को ब्रेक लगाकर रोका और आनन-फानन में सभी सदस्यों को स्कॉर्पियो से बाहर निकाला। इसके तुरंत बाद आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते स्कॉर्पियो आग की लपटों से घिर गई और चंद मिनटों में ही कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। इसकी सूचना दमकल व पुलिस को दी गई। नानकपुरा चौकी से पुलिस जाब्ता व दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। आग के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाये हैं। कार में दो पुरुष, दो महिलायें व दो बच्चे सवार थे। आग से किसी को कोई हताहत नहीं हुआ।

# "स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव" का आयोजन आज

**उदयपुर/जयपुर।** विश्व मानक दिवस 2024 के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान, और मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू), उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में सात अक्टूबर को सुबह 10 बजे से बप्पा रावल ऑडिटोरियम, में एक "स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव" का आयोजन किया जा रहा है। विश्व मानक दिवस को प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को उन विशेषज्ञों को सम्मानित करने के लिए वैश्विक रूप से मनाया जाता है, जो स्वैच्छिक अंतरराष्ट्रीय मानकों को विकसित करते हैं और उनके द्वारा यह सुनिश्चित करते हैं कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली उत्पाद और सेवाएं सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता की रहें। इस अवसर पर आयोजित "स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव" के समारोह में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# नवरात्र का पर्व सनातनियों के लिए विशेष : गजेंद्र सिंह शेखावत

- **केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जनसुनवाई की**
- **शेखावत ने गांव सुरपुरा जाकर स्व. प्रियंका विश्नोई के परिजनों को सांत्वना प्रदान की**

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि नवरात्र एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे सनातन धर्म में बड़ी सहजता से परिभाषित किया है। रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में शेखावत ने कहा कि नवरात्र का पर्व हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। यह भारतीय सनातन समय परंपरा का हिस्सा है, जो साल में ऋतु संक्रमण के काल के समय में मनाया जाता है। यह पर्व नौ दिनों तक चलता है, जब एक ऋतु से दूसरी ऋतु में परिवर्तन होता है। इस पर्व का भौतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व जुड़ा हुआ है। इस दृष्टिकोण से यह निश्चित रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भौतिक दृष्टिकोण से जब ऋतु का परिवर्तन हो रहा है तो हमें अपने आहार और दिनचर्या में भी बदलाव लाने की आवश्यकता होती है। इसके लिए संक्रमण के इस काल में व्रत और उपवास की व्यवस्था हमारे ऋषियों ने स्थापित की है। अगर हम आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखें तो नौ दिन के समय में साधना का विशेष महत्व है, जिसे हमारे ऋषियों ने स्थापित किया। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी, विभिन्न प्रांतों में इस पर्व को उल्लास के साथ मनाया जाता है।

सर्किट हाउस में जनसुनवाई में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दूरदराज से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जोधपुर में जिला और पुलिस प्रशासन के साथ एक समीक्षा बैठक कर व्यवस्था की समीक्षा की। वर्षाकाल में जलभराव का स्थायी निदान और सड़क सुधार पर विशेष विमर्श हुआ। बुनियादी सुविधाओं का निरंतर उन्नयन हमारी प्राथमिकता है। कानून-व्यवस्था के सतर्क के साथ संवेदनशील होने पर भी संवाद किया।

शेखावत ने फलोदी में ग्राम पंचायत बजरंग नगर के गांव सुरपुरा जाकर राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी रही स्व. प्रियंका विश्नोई के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रियंकाजी एक होनहार अधिकारी थी, जिन्होंने कम समय में अपने कार्य से सभी को प्रभावित किया था। वहीं जोधपुर से सड़क मार्ग फलोदी के लिए रवाना हुये तो मार्ग में ओसियां, लोहावट फलोदी में विविध स्थानों पर कार्यार्ताओं से मिले। बाद में फलोदी स्थित जांभा जाकर भगवान जंबेश्वर की तपोस्थली पर धोक लगाई। मन्दिर में दर्शन कर साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# खैरथल-तिजारा कलेक्टर के नाम से साइबर ठगी की कोशिश

- **साइबर ठगों ने कलेक्टर के नाम व फोटो से फर्जी आईडी बनाकर अधिकारियों व परिचितों से साइबर फ्रॉड की कोशिश की**
- **जिस फर्जी नंबर से आईडी बनाकर साइबर ठग अधिकारियों एवं परिचितों को मैसेज भेज रहे हैं, वह उज़्बेकिस्तान का है**

**खैरथल,** (निंस)। खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने फर्जी व्हाट्सएप आईडी बनाकर साइबर ठगी करने का मामला सामने आने पर खैरथल और भिवाड़ी एसपी को शिकायत दर्ज कराई है। कलेक्टर की शिकायत पर जिला साइबर टीम आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी माध्यम से आरोपी को ट्रेस करने की कोशिश में लगी है।

खैरथल-तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि साइबर ठगों ने उनके नाम व फोटो से फर्जी आईडी बनाकर अधिकारियों व परिचितों से साइबर फ्रॉड की कोशिश की है। उन्होंने बताया साइबर ठगी करने वालों ने एक फर्जी विदेशी व्हाट्सएप नंबर के जरिए अकाउंट बनाया हुआ है। जिस फर्जी नंबर से आईडी बनाकर साइबर ठग अधिकारियों एवं परिचितों को मैसेज भेज रहे हैं वह उज़्बेकिस्तान का है।

साइबर ठगी का मामला सामने आने पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने खैरथल एसपी मनीष कुमार एवं भिवाड़ी एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी को इस साइबर ठगी फ्रॉड घटना की जानकारी दी है वहीं कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप व अन्य परिचितों को मैसेज कर साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि उनके नाम और फोटो वाले व्हाट्सएप मैसेज और फोन आने पर कोई रिप्लाई या पैसे नहीं देवे। यह फर्जी व्हाट्सएप नंबर उज़्बेकिस्तान का है। साइबर ठगों की ओर से कई परिचित और रिश्तेदार अधिकारियों के पास मैसेज भेजें गए हैं। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की रिपोर्ट पर खैरथल तिजारा जिला साइबर टीम आईपी एड्रेस और अन्य तकनीकी माध्यम से आरोपी को ट्रेस करने की कोशिश में लगी है। उल्लेखनीय रहे कि खैरथल तिजारा जिला पुलिस की ओर से जिले में साइबर ठगी मामले को लेकर एंटीवायरस अभियान चलाया हुआ है। इस एंटीवायरस अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी संख्या में मेवात से साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपियों को पकड़ा है।

# सड़क मरम्मत सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर दूध टैंकरों की आवाजाही रोकी

- **दौराई गांव के ग्रामीणों ने सरस डेयरी के खिलाफ प्रदर्शन किया**

**अजमेर,** (कासं)। सड़क मरम्मत सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को दौराई के ग्रामीणों ने सरस डेयरी के दूध टैंकर की आवाजाही रोक दी। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने डेयरी व जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने समझाइश की, लेकिन वे नहीं माने। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

पंचायत दौराई से प्रतिनिधि मंडल के रूप में सरपंच प्रतिनिधि हंसराज चौधरी ने बताया कि पूर्व में सात सूत्री मांगों को लेकर एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा और 5 अक्टूबर तक ग्रामीणों ने दोराई से अजमेर डेयरी के दूध के टैंकर नहीं निकलने का अल्टीमेटम भी दिया था। लेकिन अजमेर डेयरी प्रशासन पर इसकी जु तक नहीं रेंगी।

ग्रामीणों ने बताया कि साल 2020 में अजमेर सरस डेयरी के भारी वाहन निकालने से दौराई गांव के मुख्य सड़क मार्ग के क्षतिग्रस्त हो जाने पर डेयरी द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क और पुलिया की मरम्मत करवाने अथवा क्षतिपूर्ति राशि ग्राम पंचायत में जमा करवाने का भी आश्वासन दिया। सड़क मार्ग की मरम्मत करवाने की बजाय अपने दूध वाहनों का मार्ग बदलकर खानपुरा तालाब के पीछे वाले रास्ते से जाना शुरू कर दिया। इस क्षतिग्रस्त मार्ग की कोई सुध नहीं ली। इस दौरान ग्रामीण डेयरी के एमडी से मिलने गए तो उन्होंने उनसे कोई बात तक नहीं की। ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मांगे समय रहते पूरी नहीं की गई तो आगे उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

हंसराज चौधरी ने बताया कि प्रशासन के समक्ष सात सूत्रीय मांग रखी गई है, जिसमें दौराई तबीजी संपर्क सड़क पर नदी पर बनी पुलिया की मरम्मत टुकड़ों में करवाई जाएं जिससे निर्माण के दौरान आवाजाही बाधित न हो, 3 महीने के बाद डेयरी के वाहनों को किसी अन्य मार्ग से निकालने की व्यवस्था करने, पूर्व में क्षतिग्रस्त सड़क की क्षतिपूर्ति राशि ग्राम पंचायत में जमा करवाई जाने, डेयरी के वाहन चालकों को तेज गति में वाहन नहीं निकालने, डेयरी फंड से प्रतिवर्ष दौराई में 10 लाख के विकास कार्य करवाए जाने, डेयरी में 25 फीसदी कर्मचारी दोराई के रखे जाने को प्राथमिकता दिए जाने, पिछले 10 साल से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किए जाने सहित विभिन्न मांगें रखी।

# "रन फॉर क्वालिटी" दौड़ कल

**उदयपुर/जयपुर।** विश्व मानक दिवस 2024 के उपलक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान, और मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू), उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आठ अक्टूबर को फतेहसागर झील, उदयपुर पर "रन फॉर क्वालिटी" दौड़ का आयोजन होगा। विश्व मानक दिवस को प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को विशेषज्ञों को सम्मानित करने के लिए वैश्विक रूप से मनाया जाता है। इस दौड़ का फ्लैग ऑफ मन्ना लाल रावत, सांसद (मुख्य अतिथि), अरविंद कुमार पोसवाल, आईएएस, कलेक्टर (विशिष्ट अतिथि), कनिका कालिया, निदेशक और भारतीय मानक ब्यूरो राजस्थान और डॉ. अविनाश पंवार, नोडल अधिकारी, आईईटी और निदेशक, कंप्यूटर केंद्र, एमएलएसयू द्वारा किया जायेगा।

# आरएएस तरु सुराणा का अंतिम संस्कार किया

- **डेंगू से मौत के बाद तरु सुराणा के शव को चेन्नई से लाया गया**

**उदयपुर,** (कासं)। आरएएस अधिकारी तरु सुराणा का रविवार को नम आँखों से अंतिम संस्कार किया गया। उदयपुर में पंचवटी स्थित उनके आवास से उनकी अंतिम यात्रा रवाना हुई जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। शहर के अशोक नगर स्थित मोक्षधाम पर सुराणा की पार्थिव देह को उनके भाई शुभव और परिवार के सदस्यों ने मुखाग्नि दी।

अशोक नगर स्थित मोक्ष धाम पर उनके अंतिम संस्कार में उदयपुर कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अध्यक्ष महावीर खराडी, आरएएएस अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड़, राजीव द्विवेदी, शैलेष सुराणा, जितेंद्र ओझा, कीर्ति राठौड़, श्वेता फगेडिया, प्रदीप सांगावत, ओपी जैन, बांसवाड़ा से अतिरिक्त संभागीय आयुक्त गौरव बजाड़, गीतेशश्री मालवीय, आरपीएस अनंत कुमार, राजसमंद एसडीएम ब्रजेश गुप्ता, सुरेश नाहर सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

अंतिम यात्रा में शहर के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। सुराणा के निधन पर शहर के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया। 42 वर्षीय सुराणा का डेंगू से शनिवार सुबह चैन्नई में निधन हो गया था। पंजीयन विभाग डीआईजी के पद सेवाएं दे रही तरु सुराणा का पिछले 22 दिन से उपचार चल रहा था।

# महिला के साथ गैंगरेप, मामला दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी जिले के चाखू थाने में एक महिला ने अपने साथ गैंगरेप का मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि महिला को एक जगह बंधक बनाकर उसके साथ रेप किया गया। इसको लेकर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच थाना अधिकारी हनवंत सिंह कर रहे हैं। फिलहाल किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना पिछले माह की है, लेकिन रिपोर्ट अब दी गई है।

थाने में दी रिपोर्ट में महिला ने बताया कि 10 सितंबर की घटना है। यहां पर पांच लोग उसे अपने साथ लेकर चले गए। उसे एक जगह पर बंधक बना दिया। बाद में उसके साथ मारपीट कर रैप किया गया। अब इस मामले को लेकर महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पिस्तौल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर जिले के मदनगंज-किशनगढ़ के गांधीनगर थाना पुलिस ने किशनगढ़ हरमाड़ा मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान एक कार ड्राइवर के कब्जे से अवैध देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह अवैध देसी पिस्तौल और कारतूस को कुछ दिन पहले अजमेर में मारपीट का वीडियो वायरल करने वालों से दुश्मनी के कारण खरीदे थे। पुलिस ने कार जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर थानाधिकारी सुरेश कुमार सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना स्तर पर गठित टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति किशनगढ़ से हरमाड़ा की ओर अवैध हथियार लेकर जा रहा है। इस सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई और संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई।

इस सर्च ऑपरेशन में धनराज उर्फ कन्हैया तिवारी(28) की कार की तलाशी के दौरान एक देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे में अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद कर उसके कार भी जप्त कर ली। पूछताछ के दौरान धनराज उर्फ कन्हैया तिवारी ने बताया कि अजमेर में उसके साथ पहले मारपीट हुई थी और इस रंजिश के चलते उसने यह हथियार खरीदा था। पुलिस आरोपी से उसकी दुश्मनी रखने वालों और हथियार बेचने वालों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# वरदा, सागवाड़ा और आसपुर में चोरों ने ज्वेलर्स की दुकानों को निशाना बनाया

## चोर दुकान के शटर को तोड़कर लाखों रुपए के चांदी के जेवर चुरा ले गए

- **कार में बैठकर चोरी करने आई थी गैंग, पुलिस अब सीसीटीवी के भरोसे**
- **वरदा और सागवाड़ा कस्बे में पुलिस थाने से 800 मीटर की दूरी पर हुई चोरी की वारदात**

**डूंगरपुर,** (निसं)। आमजन में सुरक्षा और अपराधियों में डर का स्लोगन पर काम करने वाले राजस्थान पुलिस को एक ही रात में चोरों ने चैलेंज देते हुए तीन बड़े कस्बों में ज्वेलर्स की दुकान पर चोरी की वारदात कर डाली। डूंगरपुर जिले के वरदा, सागवाड़ा और आसपुर थाने के अंतर्गत चोरों ने ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाते हुए चांदी के जेवरात चुराकर ले गए। तीनों दुकानों की सीसीटीवी फुटेज में चोर बतौर कार में बैठकर आते दिखार्द दिये।

सागवाडा थाने से करीब 500 मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क पर स्थित संचायत वाटिका के पास स्थित एक ज्वेलरी शॉप को बीती रात चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोर शॉप के शटर को तोड़कर हजारों रुपए के चांदी के जेवर चुरा ले गए। सागवाड़ा शहर के ज्वेलरी व्यापारी सुमित पंचाल ने बताया कि शनिवार रात को शॉप को बंद करके गया था। सुबह सूचना मिली कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर देखा कि शॉप का शटर टूटा हुआ था। वही अंदर काउंटर पर लगे ज्वेलरी डिस्प्ले भी टूटा हुआ था। डिस्प्ले में लगे हजारों रुपए के चांदी के जेवर गायब थे। चोर शॉप से हजारों के चांदी के जेवर चुरा ले गए। इधर चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमें तीन चोर दिखाई दे रहे है। पीड़ित ज्वेलर ने सागवाडा थाना पुलिस को चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करवाये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार वरदा थाने से 300 मीटर दूर मुख्य सड़क पर एक ज्वेलरी शॉप में भी चोरी की वारदात हुई। कार में आए चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और काउंटर से चिल्लर चुराई। सोने चांदी के जेवरात चुराते इससे पहले लोगों की आवाज सुनकर चोर भाग गए। रविवार सुबह घटना की जानकारी लगने पर लोगों ने आक्रोश जताया। वही चोरी घटना यहां पर भी सीसीटीवी में कैद हुई। यहां पर वही तीन चोर नजर आ रहे है।

वही चोरी में इस्तेमाल कार भी साफ दिखाई दे रही है। चोरों वरदा निवासी अक्षय पुत्र विनोद गोवाडिया ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें रात 12.10 बजे दुकान के बाहर रोड पर खड़ी कार से निकले अज्ञात बदमाश दूकान का नकोचा तोड़कर अंदर घुसे। काउंटर से चिल्लर और कुछ रुपए निकाल लिए। इसके बाद चोरों ने लोगो के आने की आवाज सुनकर भाग गए। करीब 20 मिनट बाद ही 12.30 बजे चोर भाग गए। इससे दुकान में सोने चांदी की दूसरी ज्वेलरी बच गई। इन्ही चोरों ने तीसरी चोरी आसपुर थाना क्षेत्र के पूंजपुर गांव में तडके साढे तीन बजे एक ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाया। पुंजपुर चौकी के पास स्थित मुख्य बाजार में स्थित जयंतीलाल पुत्र कचरूलाल सोनी की ज्वेलर्स की दुकान के मुख्य शटर का लोहे के सरिए से ऊंचा करके तीन अंदर प्रवेश किया। दूकान में रखी करीब 6 किलो चांदी के जेवरात व एक ग्राहक का आधा ग्राम के कान के झुमके जो रिपेयर करने थे वो चोरी कर ले गए। बदमाशों द्वारा की गई चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रविवार को जब व्यापारी दुकान पहुंचा तो ताले टूटे देख उसके होश उड गए।

# पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के बयान पर कैबिनेट मंत्री का करारा जवाब

## खुद मियां फजीहत औरों को नसीहत : जोगाराम पटेल

**जयपुर।** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि अशोक गहलोत और कांग्रेस पार्टी को राजस्थान का तेजी से होता विकास हजम नहीं हो पा रहा है और वे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रदेश के विकास के एजेंडे में अडंगे डालने का काम कर रहे हैं।

- ‘किसान मुख्यमंत्री के शानदार काम से बौखलाए गहलोत’

पटेल ने कहा कि पेपरलीक के दोषियों पर कार्यवाही, युवाओं को रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों को सम्मान, जल उपलब्धता के लिए मजबूत फैसले और बिजली में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम और अब 90 हजार नियुक्तियों का कैबिनेट फैसला देख कर अशोक गहलोत की नींद उड़ी हुई है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि ऐसे शानदार फैसले एक किसान मुख्यमंत्री कैसे तीव्र गति से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा जनता को झूठे बयानों से बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके फरेब में आने वाली नहीं है क्योंकि गहलोत और डोटासरा के चेहरे को वो अच्छी तरह पहचानती है। पटेल ने कहा कि अशोक गहलोत की बातों को सुन कर एक ही कहावत याद आ रही है, खुद मियां फजीहत औरों को नसीहत। अगर पांच साल उन्होंने जनता के कामों पर ध्यान दिया होता तो आज विपक्ष में नहीं बैठना पड़ता। पूरा कार्यकाल सरकार बचाने की जोड़-तोड़ में निकाल दिया। सत्ता की कुर्सी बचाने के लिए जयपुर और जैसलमेर के होटलों में सरकार और कांग्रेस के विधायक बन्द रखे गए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कारनामों की परतें तो उनके जमूरे आए दिन दिल्ली में जांच एजेंसियों के सामने उधेड़ रहे हैं। इस कारण बौखलाहट में किसान मुख्यमंत्री को अपमानित करने पर उतारू हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि गहलोत राजस्थान में लगातार पूरी हो रही बजट घोषणाओं, संकल्प पत्र के 50 प्रतिशत काम पूरे होने से मुख्यमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता से ध्यान भटकाना चाहते हैं। कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उन्होंने कैसे अप-डाउन कराई थी, जो जग जाहिर है। कांग्रेस के 5 साल के कारनामों से प्रदेश का विकास डाउन ही नहीं रसातल में चला गया। अब मात्र 10 माह में राजस्थान विकास की नई ऊंचाईया छू रहा है।

## मुरलीपुरा में निकला पथ संचलन

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विद्याधर भाग के विजयनगर का विद्यार्थी पथ संचलन रविवार शाम को मुरलीपुरा के शहीद हिम्मत सिंह पार्क केशव शाखा सघंस्थान से निकला।

घोष के साथ निकले पथ संचलन में सौ से युवा, किशोर और बाल स्वयं से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। प्रणव, आनक, शंख, वेणु और झल्लरी से समवेत स्वर में किरण और श्री राम रचना का वादन किया। जगह-जगह विभिन्न समाजों के और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। इससे पूर्व संघ स्थान पर महानगर विद्यार्थी कार्यवाह रूप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का पथ संचलन समाज में शक्ति जागरण का उद्घोष करता है। पथ संचलन से समाज में ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा की शाखा में सद्भाव, संस्कार, समरसता के गुणों विकास होता है और गुण सम्पन्न व्यक्तियों का निर्माण होता है।



**सोने की कीमतें बढ़ती ही जा रही हैं फिर भी सबसे बड़े त्यौहार दीपावली व करवा चौथ के लिए खरीदारी शुरू हो चुकी है। लोग अब धन तेरस का इंतजार नहीं करते। नवरात्रि में कोई नई गाड़ी खरीद रहा है तो कोई प्रोपर्टी लेकिन सामने महिलाओं के सुहाग के सबसे बड़े त्यौहार करवा चौथ पर घर की बड़ी महिलाएं अपनी घर की बहुओं को ज्वैलरी खरीदने ले जा रही है। विद्याधर नगर में एक ज्वेलरी की दुकान पर करवा चौथ की खरीददारी करती महिलाएं।** फोटो : दिनेश भारद्वाज

# राज्यपाल ने एस.एम.एस. अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में अपनी आंख की सर्जरी करवाई। नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉक्टर पंकज शर्मा और उनकी टीम ने राज्यपाल की दाहिनी आंख में हुए मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया। इस दौरान उनके साथ एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी, आरयूएचएस के वाइस चांसलर डॉ. धनंजय अग्रवाल सहित कई डॉक्टर्स मौजूद रहे।

- करीब 45 मिनट रुकने के बाद वापस राजभवन लौटे

डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि राज्यपाल का ऑपरेशन करके उन्हें वापस भेजने में 40 से 45 मिनट का समय लगा। ऑपरेशन के बाद उनकी सभी जांच नॉर्मल है। अब वह बिल्कुल फीट हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि उनकी दाहिनी आंख में मोतियाबिंद था। इसकी सर्जरी का प्लान किया था।

सर्जरी से पहले उनकी तमाम रूटीन ब्लड जांच पहले ही करवा ली थी। ऑपरेशन से पहले आंखे डायलूट होती है, जिसे राजभवन में ही किया गया। इसके लिए आंखों में एक ड्राप डाली जाती है, जिससे पुतलियां फूलती है। उसके बाद ऑपरेशन होता है। ऑपरेशन चरक भवन स्थित ऑपरेशन थिएटर में किया गया। ऑपरेशन के बाद राज्यपाल और उनकी टीम ने अस्पताल की सेवाओं और मेडिकल स्टाफ की सराहना की।

## 450 भक्तों ने लिया श्रील प्रभुपाद आश्रय

**जयपुर।** जीवन के दुखों को त्यागकर सुख का मार्ग कैसे अपनाया जाए, इस ज्ञान का पथ प्रदर्शन करता है भक्ति वेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद का मार्ग और भक्ति के मार्ग में प्रशस्त होने का रास्ता दिखाता है श्रील प्रभुपाद आश्रय समारोह। रविवार को श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में इस समारोह का आयोजन हुआ जिसमें भक्ति मार्ग की परीक्षा एवं इंटरव्यू पास कर चुके 450 भक्तों ने इस मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। गौरतलब है की आश्रय लेने वालो में देश के अलग-अलग हिस्सों से भक्तों ने हिस्सा लिया।

# सदस्यता अभियान में मंत्री-विधायकों की कम सक्रियता के कारण राष्ट्रीय नेतृत्व की नाराजगी

- 10 दिन विधायक, मंत्री सांसद विधायक प्रत्याशी क्षेत्र में रहकर बनाएं सदस्य : विनोद तावड़े
- अभी बने 36 लाख, बनाने है 89 लाख

**जयपुर।** प्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर एक बार फिर केन्द्रीय नेतृत्व ने नाराज़गी जताई है। सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय संयोजक विनोद तावड़े ने रविवार को वीसी के जरिए प्रदेश के सभी विधायक, सांसद और विधानसभा प्रत्याशियों की बैठक ली।

बैठक में विनोद तावड़े ने कहा कि सदस्यता अभियान में अब 10 दिन का समय बचा है। ऐसे में सभी को सक्रियता से इसमें जुटना होगा। उन्होंने अभियान में मंत्री और विधायकों की कम सक्रियता को लेकर भी नाराज़गी जाहिर की।

तावड़े ने कहा कि सभी विधायक अगले 10 दिन अपने क्षेत्र में रहकर सक्रियता से सदस्यता अभियान में जुटें। 15 अक्टूबर सदस्यता अभियान की डेडलाइन है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सीएमआर से वीसी के जरिए बैठक में जुड़े। उन्होंने सदस्यता अभियान में टॉप-10 और बॉटम-10 विधानसभाओं के नाम बताए। गौरतलब है कि पहले भी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भी सदस्यता अभियान की धीमी गति को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। प्रदेश भाजपा को 15 अक्टूबर तक 1.25 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला था। अभी तक भाजपा 36 लाख सदस्य ही बना पाई है। बाकी रहे 10 दिनों में पार्टी को लक्ष्य तक पहुंचने के लिए 89 लाख सदस्य बनाने हैं जो आसान नज़र नहीं आता। यही वज़ह है कि लगातार राष्ट्रीय नेतृत्व अभियान की मॉनिटरिंग कर रहा है।

## प्रह्लाद चौधरी अध्यक्ष बने

**जयपुर।** भारतीय किसान संघ की महानगर की कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। इसमें प्रह्लाद चौधरी को अध्यक्ष व त्रिलोक सिंह को मंत्री बनाया गया। किसान संघ के प्रांत महामंत्री डॉ .सांवर मल सोलेट ने बताया कि सर्वसम्मति से प्रह्लाद चौधरी को अध्यक्ष, त्रिलोक सिंह को मंत्री, विजय गर्ग को उपाध्यक्ष, अभिलाषा चौधरी को महिला प्रमुख, प्रवीण सेन व प्रेमराज चौधरी को सह मंत्री, डॉ. राजेश को गो सेवा प्रमुख, विजय को पर्यावरण प्रमुख, प्रदीप को युवा प्रमुख बनाया गया। इससे पूर्व सोलेट ने बताया कि शहर के लोगों को देशी गाय का दूध, शुद्ध सब्ज़ियाँ, अनाज मिले। इसके लिए उत्पादक किसान व उपभोक्ता को जोड़ने पर काम करेंगे।

इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रह्लाद चौधरी ने बताया कि जल्द ही सभी नगरों में भी कार्यकारिणी बनाकर संगठन को मज़बूत करेंगे।

## रामधुन पर निकाली विधाणी परिक्रमा

**जयपुर।** गोनेर रोड विधाणी स्थित श्रीगोपाल सागर आश्रम में छह दिवसीय विधाणी परिक्रमा महोत्सव में शुक्रवार को संत श्रीमिथिला बिहारी जी के सान्निध्य में शोभायात्रा निकाली गई। ठाकुर जी की पूजा अर्चना के बाद गोनेर मंदिर से शोभायात्रा रवाना हुई। परिक्रमा में जुगल सरकार के स्वरूप की झांकी मुख्य आकर्षण रही। हजारों श्रद्धालु झांझ मंजीरे बजाते हुए नाचते गाते नजर आए।

# निवेशकों को आकर्षित करने के लिये सिंगापुर इन्वेस्टर मीट कल

**जयपुर।** ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मेलन 2024 के तहत विदेशी निवेशकों, कॉरपोरेट जगत और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित करने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का प्रतिनिधिमंडल 8 अक्टूबर को सिंगापुर इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लेने और वहां के गणमान्य व्यक्तियों और व्यापार जगत के आला अधिकारियों से मिलने के लिए सिंगापुर के दौरे पर रवाना हुआ है।

- प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर सरकार और व्यापार जगत के आला अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा

अपनी चार दिवसीय यात्रा में, राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, सिंगापुर स्थित सार्वजनिक और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों और व्यापार एवं व्यवसाय से जुड़े अन्य स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात करेगा। इस दौरान यह प्रतिनिधिमंडल पेट्रोकेमिकल्स, शहरी विकास, जल प्रबंधन, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, कौशल विकास, बागवानी, स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों की कंपनियों से मिलेगा और उन्हें राजस्थान में निवेश करने के साथ-साथ आगामी इन्वेस्टमेंट समिट में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेगा। इसके अलावा, यह प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर स्थित प्रमुख कंपनियों की व्यावसायिक और विनिर्माण इकाइयों का भी दौरा करेगा ताकि उनके संचालन और बेस्ट प्रैक्टिसेज को समझा जा सके।

उद्योग मंत्री के अलावा, राज्य सरकार के इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

इसके अलावा, अपने सिंगापुर प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय मूल के लोगों और अप्रवासी राजस्थानी समुदाय के लोगों, जिन्होंने वहां नाम और प्रसिद्धि अर्जित की है और देश एवं राजस्थान को गौरवान्वित किया है, से भी मिलेगा। इसके अलावा, राजस्थान सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में भी शामिल होगा।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले ‘राइजिंग राजस्थान’ ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर देशी और विदेशी निवेशकों, संस्थाओं और कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों से लगातार बैठकें कर रही हैं, ताकि आने वाले समय में प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो सके और ‘विकसित राजस्थान’ के लक्ष्य को पूरा करने की ओर बढ़ा जा सके।

इसके तहत पिछले एक महीने में दिल्ली, मुंबई, सियोल (दक्षिण कोरिया), जापान के टोक्यो और ओसाका, संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और अबू धाबी एवं कतर की राजधानी दोहा में इस तरह के इन्वेस्टर रोड शो आयोजित किये जा चुके हैं, ताकि निवेशकों को राजस्थान से जुड़ने, प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित करने और उन्हें राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी निवेशक-अनुकूल नीतियों और अवसरों से अवगत कराया जा सके।

## देवनानी ने माता त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन किए

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को बांसवाड़ा स्थित माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। देवनानी रविवार को प्रातः जयपुर से वायुयान द्वारा उदयपुर पहुंचे, जहां से वे सड़क मार्ग द्वारा बांसवाड़ा गये। देवनानी रविवार को उदयपुर में रात्रि विश्राम करेंगे।

# अधिक से अधिक निवेशकों को राइजिंग राजस्थान से जोड़ने का आव्हान किया

**जयपुर।** शासन सचिव, पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन में रविवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट 2024 के आयोजन एवं उससे पहले 24 अक्टूबर को प्री समिट में व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन हेतु कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी एवं संबद्ध विभागों के दायित्वों के निर्वहन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में डॉ शर्मा ने अधिकारियों से अधिक से अधिक निवेशकों को राइजिंग राजस्थान से जोड़ने और समिट को सफल बनाने के लिए पूरी लगन और मेहनत से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने 24 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्री समिट बैठक की तैयारियों के बारे में भी अधिकरियों को निर्देश दिए।

बैठक में कृषि आयुक्त सुश्री चिन्मय, निदेशक कृषि विपणन विभाग राजेश कुमार चौहान, प्रबंध निदेशक राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन श्रुति भारद्वाज, निदेशक मत्स्य विभाग संचिता विश्नोई, अतिरिक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ आनंद सेजरा तथा डॉ प्रवीण सेन और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



**शासन सचिव, पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन में रविवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट के लिये दायित्वों के निर्वहन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।**

## इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के राज्य कार्यालय का उद्घाटन

**जयपुर।** राजस्थान के एक पसंदीदा निवेश गंतव्य बनने के साथ, यह उपयुक्त ही है कि भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स जैसा पुराना और प्रतिष्ठित चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना अब राजस्थान राज्य में हुई है। इस वर्ष चैंबर का उद्घाटन अनुकूल समय पर हो रहा है, जो राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के साथ पूरी तरह संरेखित है। यह बात उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज जयपुर में इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के राजस्थान राज्य कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कही।

## कार ने वृद्धा को टक्कर मारी

**जयपुर।** मोती डूंगरी थाना इलाके में घर के बाहर झाडू लगा रही बुजुर्ग महिला को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। पुलिस के अनुसार आनंदपुरी मोती डूंगरी निवासी सूरज देवी घर के बाहर झाडू लगा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# प्रथम स्लॉट में कुल 142 करोड़ की सम्पत्तियों की हुई ई-नीलामी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से विभिन्न आय वर्गों के लिए एक बार फिर प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन शुरू किया गया है। काफी समय बाद शुरू की गई ई-नीलामी को लेकर आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला।

राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित किए गए प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में लगभग 142.54 करोड़ की आवासीय व व्यवसायिक सम्पत्तियों का निस्तारण किया गया। जिसके तहत जयपुर, भिवाड़ी, फलौदी, बीकानेर, अलवर, जोधपुर में छोटे व बड़े व्यावसायिक और आवासीय भूखंड तथा निर्मित मकान शामिल हैं।

प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में ई-नीलामी के तहत कुल 54 सम्पत्तियों के निस्तारण से आवासन मण्डल लगभग 142.54 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करेगा। जिसके तहत जयपुर से 90 करोड़ 69 लाख 59 हज़ार, जोधपुर से 23 करोड़ 63 लाख 46 हज़ार, अलवर तथा भिवाड़ी में 27 करोड़ 31 लाख 48 हज़ार, बीकानेर में 14 लाख 93 हज़ार और चूरू में 64 लाख 38 हज़ार की आय आवासन मण्डल को होगी। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल के प्रति आमजन का विश्वास प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में भी देखने को मिला है।मण्डल ने लंबे अरसे बाद हो रही इस नीलामी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जिसके फलस्वरूप अधिक संख्या में लोगों ने इस नीलामी में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी आवासन मण्डल की ओर से इसी तरह की योजनाओं के जरिये आमजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में ऐसी योजनाओं का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन अब आगामी 7 से 9 ऑक्टूबर एवं 14 से 16 तथा 21 से 23 ऑक्टूबर को होगा । ऑनलाइन प्रस्ताव देने के लिए आवासन मंडल की वेबसाइट पर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है।




**आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा**

- त्यौहारी सीज़न में हाऊसिंग बोर्ड की प्रीमियम प्रॉपर्टी खरीदने को उमड़े प्रदेशवासी
- लंबे अरसे बाद हुए प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में दिखा आमजन का उत्साह : डॉ. रश्मि शर्मा

## पशु चिकित्सा संस्थान हुए सम्मानित

**जयपुर।** स्वच्छता ही अभियान के अंतर्गत साफ सफाई और सुव्यवस्था में उत्कृष्ट आने वाले पशु चिकित्सा संस्थानों को जिला और राज्य स्तर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए विभाग के शासन सचिव समित शर्मा ने बताया कि विश्व पशु कल्याण दिवस के अवसर पर प्रत्येक जिला स्तर पर तीन- तीन और राज्य स्तर पर दस सर्वश्रेष्ठ संस्थानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

डॉ शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सभी राजकीय कार्यालयों /संस्थानों की साफ सफाई के संबंध में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में सभी पशु चिकित्सा संस्थानों को पूर्ण साफ सफाई और सुव्यवस्था के लिए निर्देश दिए गए थे। निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने संस्थानों को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी संस्थानों के अधिकरियों और कार्मिकों ने अपना-अपना योगदान दिया। डॉ शर्मा ने बताया कि अंक आधारित कुछ संकेतकों के आधार पर इस कार्य में उत्कृष्ट संस्थानों का चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पॉलीक्लिनिक सवाईमाधोपुर को मिला है जबकि दूसरा स्थान चुरू के मलासी पशु चिकित्सालय को मिला।

## सार-समाचार

### छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा संचालित शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत विद्याधर नगर स्थित माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। ग्रेटर निगम ओर की महिला एवं बाल विकास समिति की चेयरमैन डॉ. मीनाक्षी शर्मा, आत्मरक्षा प्रशिक्षक रिचा गौड़, एडवोकेट स्वाति अग्रवाल और मनोचिकित्सक दीपा रामचंदानी रही। डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बच्चियों को आव्हान किया कि, वे अपने आप को स्वयंसिद्ध नवदुर्गा के नवरूप की तरह प्रशिक्षित करें। प्रशिक्षक रिचा गौड़ ने बच्चियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाए। एडवोकेट स्वाति ने महिला व बाल अधिकार के कानूनों की जानकारी दी। मनोचिकित्सक दीपा ने मन, मस्तिष्क का संतुलन रखते हुए परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने का सुझाव दिया। एमजीपीएस समिति के अध्यक्ष केदारमल भाला, मानद सचिव घनश्याम माहेश्वरी, सदस्य कौशल सैनी समेत कई लोग मौजूद थे। प्राचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ ने कहा कि इस तरह के आयोजन वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक है।

### बुजुर्ग महिला का पर्स छीना

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में बाइक सवार दो बदमाशों ने राह चलती बुजुर्ग महिला के हाथ पर झपट्टा मार कर पर्स छीन लिया। झपट्टा मारने से लगे झटके से महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना के सम्बंध में पीडिता ने मानसरोवर थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार कावेरी पथ निवासी 64 वर्षीय लक्ष्मी देवी ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रही थी मानसरोवर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर पर्स छीन लिया। पर्स छीनने के दौरान झटका लगने से वह सड़क पर गिर गई। इससे उसके हाथ व पैर में चोट लगी। इस पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं दूसरी घटना में सोहन नगर निवासी अमित साहनी ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी बाजार गई थी मांग्यावास में बाइक सवार बदमाश उसकी पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर ले गए। पीडिता ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। इस पर पति ने मानसरोवर थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं बजाज नगर थाना इलाके में एक महिला हटवाड़े में सामान खरीदने गई थी वहां पर किसी ने उसे गले से सोने की चेन पार कर ली। पुलिस के अनुसार गांधी नगर स्थितद सरकारी आवास में रहने वाली सीता कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह गांधी नगर में लगने वाले हटवाड़े में सामान खरीदने गई थी। वहां पर किसी ने उसके गले से सोने की चेन पार कर ली। घटना का पता घर पहुंचने पर लगा तो मामला दर्ज कराया।

### ड्राई फ्रूट और मसाले के सैंपल लिए

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर राज्य में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुक्तालय में प्राप्त शिकायत के आधार पर रविवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में सोडाला स्थित एक फर्म पर कार्रवाई कर नमूने लिए गए। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं संयुक्त आयुक्त डॉ. एस.एन. धौलपुरिया के सुपरविजन में मैसर्स भूरामल भागीरथ अग्रवाल, सोडाला तिराहा पर केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गई । मौके से बादाम कटिंग एवं काला नमक के नमूने लिए गए। यहां ड्राई फ्रूट्स, दालें, मसाले आदि की पैकिंग में नियमों की पालना नहीं की जा रही थी, जिसके लिए अलग से फर्द रिपोर्ट तैयार कर नियमों की पालना करने की हिदायत दी गई। नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मंदिर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिर में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चुराया गया माल भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि मंदिर में चोरी करने वाले एक शातिर चोर करण बैरवा निवासी फागी जिला दूदू को गिरफ्तार कर उसके पास से मंदिर से चुराया गया माल बरामद किया है।

# सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने सालासर बालाजी मंदिर में लगाई धोक

## हनुमानजी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश में खुशहाली के लिए कामना की

**रतनगढ़/सीकर,** (निसं)। सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने रविवार को जिले के सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की और देश प्रदेश में खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर मीठालाल पुजारी, मांगीलाल पुजारी, मनोज पुजारी, बाबूलाल पुजारी, लालू पुजारी, महावीर पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई तथा राज्यपाल माथुर का बालाजी का चित्र, गदा व दुपट्टा भेंट कर अभिनंदन किया। इससे पूर्व सालासर पहुंचने पर जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व पुलिस अधीक्षक जय यादव ने राज्यपाल माथुर की अगवानी की। पुलिस के जवानों ने सलामी दी।

इस दौरान चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एएसपी दिनेश कुमार, वीरेंद्र माथुर, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, परबतसर पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया, श्रवण चौधरी, बसंत शर्मा, ओम सारस्वत, दौलत तंवर, नरेंद्र काछवाल, बलवंत सिंह चिराणा, भास्कर शर्मा, कमल सिखवाल, चंद्रप्रकाश, जयश्री दाधीच, एपीआरओ मनीष कुमार, आरपीएस दरजाराम, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, कृष्ण कुमार, एसएचओ अमरसिंह, पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर ने सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

वहीं सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर रविवार को विद्या भारती स्कूल में पहुंचे जहां पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने पुष्प देकर राज्यपाल की अगवानी की। विद्यालय में पहुंचने पर राजस्थान पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर अल्प प्रवास के बाद विद्या भारती स्कूल से सालासर के लिए प्रस्थान कर गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह, सीकर उपखंड अधिकारी निखिल पोद्दार, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल सिकवाल, हरिराम रणवा सहित जनप्रतिनिधि गण, नागरिक प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए रविवार को खाटूश्यामजी पहुँचे, जहा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने राज्यपाल को बाबा श्याम का दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह दे कर बाबा श्याम का आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने खाटू श्याम जी के मंदिर में पूजा-दर्शन किए एवं देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने विधिवत रूप से पूजा करवाई। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 13 जने गिरफ्तार

## नौ असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की, दो वांछित भी गिरफ्तार


मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस ने 13 जनों को पकड़ा।

**बीकानेर,** (निसं)। शहर के मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस की ओर से एरिया डोमिनेसन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग अपराधों में 13 जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई में अवैध डोडा-पोस्त सहित एक जने को, आबकारी अधिनियम के तहत अवैध देशी शराब सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

वहीं नौ असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की तथा 2 वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दौरान गश्त अवैध डोडा-पोस्त के साथ चुंगी नाका पर रहने वाले नागौर निवासी मोहनराम जाट को पकड़ा है।

वहीं आबकारी अधिनियम में अवैध देशी शराब सहित बिहार निवासी जितन पासवान, मुक्ता प्रसाद निवासी चन्द्रप्रकाश मेघवाल, बंगलानगर निवासी गिरधारी सिंह को गिरफ्तार किया है। इसी तरह एससी-एसटी एक्ट में वांछित चल रहे सर्वोदय बस्ती निवासी अयूब को पकड़ा है। इसके अलावा असामाजिक गतिविधियों में लिप्त रामपुरा बस्ती निवासी असरफ अली, शुभकरण, मुक्ता प्रसाद निवासी अनिल सियाग, अमरजीत शर्मा, प्रभात गहलोत, सर्वोदय बस्ती निवासी जुनैद, फड़ बाजार निवासी रिजवान, बंगलानगर निवासी राधेश्याम को गिरफ्तार किया है।

### पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत

**देवगढ़,** (निसं)। पिकअप की टक्कर से चार वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिनेश पिता डालूराम माली निवासी बास्केटबॉल मैदान के समीप देवगढ़ ने रिपोर्ट दी जिसमें बताया कि वह अपनी भांजी दिवांशी (4) पिता किशन लाल माली निवासी दौलपुरा के साथ अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी सामने से आ रही एक पिकअप के चालक ने तेजगति से चलाते हुए उसकी भांजी को टक्कर मार दी जिससे मासूम के सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों की मौजूदगी में बच्ची का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बैंक लूट करने के प्रयास मामले में एक गिरफ्तार

## पुलिस ने अवैध हथियार व कारतूस बरामद किये

**भुसावर,** (निसं)। भुसावर थाना पुलिस ने बैंक लूट करने के प्रयास के मामले में एक आरोपी को अवैध हथियार व कारतूस सहित गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण व वृताधिकारी वृत भुसावर धर्मेन्द्र शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता मय जाप्ता द्वारा गांव बाछरैन में स्थित पीएनबी बैंक में लूट करने के उद्देश्य से घुसे दो नकाबपोश हथियार बन्द युवकों में से एक युवक को बैंक कर्मचारियों ने ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ लिया है। सूचना पर गांब बाछरैन पहुंच कर त्वरित कार्यवाही करते हुये पीएनबी बैंक बाछरैन पर पकड़े गये युवक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम हरिराम पुत्र रामोतार गुर्जर निवासी लांगरी का पुरा पावटा थाना सलैमपुर जिला दौसा का होना बताया।

जिसे हिरासत पुलिस में लिया जाकर उसके कब्जे से मिली पॉवर बाइक बिना नम्बरी व 1 अवैध देशी कट्टा व 3 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 1 खाली खोखा 315 बोर को जप्त किया। हरिराम से गहनता से पूछताछ की गई तो मौके से भागे गये साथी का नाम रामवीर पुत्र भगवानसिंह गुर्जर निवासी कामर पहाड़ी थाना महवा जिला दौसा अपने मामा का लड़का होना बताया। पकड़े गये आरोपी हरिराम को प्रकरण में गिरप्तार किया गया। फरार आरोपी रामवीर गुर्जर की तलाश जारी है।

### हादसे में युवक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले मे आसींद पुलिस ने जानकारी देते हो बताया कि आसींद निवासी रोशन लाल सेन पिता श्याम लाल सेनआसींद से भीलवाड़ा जा रहा था कि रास्ते में भाटी खेड़ा चौराहे के पास रविवार को नेशनल हाईवे 158 पर भीलवाड़ा की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने चपेट में ले लिया। जिससे घायल हो गया।

राहगीरों की मदद से एंबुलेंस से आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं इलाज के दौरान सुवक की मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजन अमित सेन ने बताया कि मृतक रोशन लाल सेन के पंचायत समिति रोड पर दुकान थी।

# रावण का पुतला बनाने में दिन-रात जुटे मुस्लिम कारीगर

## अजमेर में तीस साल से मुस्लिम कारीगर रावण का पुतला बनाते आ रहे हैं


अजमेर शहर में दशहरा महोत्सव को लेकर रावण के पुतलों का निर्माण करते कारीगर।

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर में दशहरा महोत्सव को लेकर नगर निगम द्वारा जहां रामलीला का मंच किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी प्रति वर्ष की भांति रावण दहन के पुतले का निर्माण भी कराया जा रहा है, पुतलों के निर्माण की तैयारी जोरों शोर से चल रही है। पुतले आकार लेने गए हैं। शहर के पटेल मैदान में होने वाले रावण दहन को लेकर आगरा फतेहपुर सीकरी के मुस्लिम कलाकार दिन-रात रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बनाने में जुटे हैं। अजमेर नगर निगम की ओर से दशहरा महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा, शहर के पटेल मैदान में रावण के साथ-साथ मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का भी दहन किया जाएगा।

■ **इस बार 65 फीट का रावण व 45-45 फीट के कुंभकरण व मेघनाद के पुतले होंगे**

पिछले 30 सालों से रावण के पुतले बनाने वाले आगरा जिले के फतेहपुर सीकरी निवासी शब्बीर अहमद फारूकी ने बताया कि वह वर्ष 1993 में अजमेर में पहली बार रावण बनाने के लिए आए थे, उसके बाद से लगातार अजमेर में रावण के पुतले बनाते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बनाने के लिए 15 कारीगर जुटे है, जिनमें उनके परिवार के सदस्य भी शामिल है। वह दिन रात एक करके रावण के पुतले बनाने का काम कर रहे हैं।

शब्बीर अहमद फारूकी ने बताया कि इस बार रावण 65 फीट का व कुंभकरण और मेघनाथ 45 फीट के बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा लंका का भी निर्माण किया जा रहा है। इन पुतलों को बनाने के लिए बांस, रद्दी, कागज की लुगदी, रस्सी, कपड़ा, रंग, नारियल, सूतली, धमाकों के लिए बारूद सहित अन्य सामग्री इस्तेमाल की जाती है।


इस बार रावण अपनी आंखें झपकएगा, हाथों से तलवार लहराएगा, मुंह से अंगारे निकलेगा और उसके पेट में लगी नाभि में चक्र घूमेगा। इसके अलावा रावण के 10 सर रिमोट से एक-एक करके उड़ेंगे। फारूकी ने बताया कि अजमेर नगर निगम ने उनको रावण मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले बनाने के लिए चार लाख रुपए दिए है, इस बार नगर निगम की ओर से उनको ठेका देर से मिला इसलिए वह दिन-रात एक करके रावण सहित कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले बनाने में जुटे हैं।

# स्कॉर्पियो पर लगा एमएलए का फर्जी स्टीकर, पुलिस ने गाड़ी जब्त की, चालान काटा

## वीआईपी सायरन बजाना व पुलिस पर रौब झाड़ना युवक को भारी पड़ा

**अजमेर,** (कासं)। शहर में स्कॉर्पियो गाड़ी पर एमएलए का फर्जी स्टीकर लगाकार वीआईपी सायरन बजाकर गाड़ी चलाने वाले युवक को अजमेर की यातायात पुलिस ने पकड़ा। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने जब गाड़ी को रुकवाया तो युवक पुलिस कर्मियों पर रौब झालने लगा। पुलिस ने युवक से एमएलए की आईडी मांगी तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर गाड़ी का चालान बनाया और जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ट्रैफिक इंस्पेक्टर भीकाराम काला ने बताया कि अजमेर एसपी वंदिता राणा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत रविवार को गाड़ियों पर फर्जी स्टीकर और वीआईपी सायरन लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए वैशाली नगर में एक ब्लैक नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी वीआईपी सायरन बजाते हुए निकल रही थी। पुलिस ने जब गाड़ी को रुकवाया तो उसे पर 16वीं राजस्थान विधानसभा में सदस्य का अस्थाई प्रवेश पत्र का स्टीकर भी लगा हुआ था, गाड़ी के ड्राइवर से आईडी मांगी तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर गाड़ी को जब्त कर लिया, गाड़ी मालिक को सूचना दी गई। पुलिस ने मायापुर निवासी युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ जारी है।



पुलिस द्वारा जब्त की गई गाड़ी।

■ **पुलिस ने युवक से एमएलए की आईडी मांगी तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया**

टीआई काला ने बताया कि मायापुर परबतसर निवासी महेश्वर सिंह राठौड़ गाड़ी में सायरन बजाते हुए गुजर रहा था, तभी ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालक को रोककर सायरन बजाने का कारण पूछा, तभी युवक ने इसे विधायक की गाड़ी बताते हुए पुलिस कर्मियों पर रौब झाड़ने लगा। गाड़ी की नंबर प्लेट पर 16वीं राजस्थान विधानसभा में सदस्य का अस्थाई प्रवेश पत्र का स्टीकर भी लगा हुआ था, इसके बारे में भी युवक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। ट्रैफिक पुलिस ने स्कॉर्पियो के कागजात नहीं होने पर मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए एक्ट के तहत गाड़ी जब्त कर चालान बनाया। अब वाहन चालक को न्यायालय के समक्ष दस्तावेज पेश करने होंगे।

टीआई काला ने बताया कि कोई भी वाहन चालक नंबर प्लेट के अतिरिक्त किसी भी धर्म का स्टीकर या अन्य साइन नहीं लगा सकता है, अगर नंबर प्लेट नियमों के मुताबिक नहीं है या उस पर लेबल या स्टीकर लगाना हुआ है तो मोटर वाहन अधिनियम की धारा 192 के तहत यह अपराध माना जाएगा। पहली बार अपराध करने पर 5 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है, दूसरी बार अपराध करने की स्थिति में एक साल तक की कैद और 10 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

### सनातन धर्म ही विश्व का कल्याण कर सकता है : देवनानी

**बांसवाड़ा,** (निसं)। ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी महाराज ने कहा कि प्रतिद्वंदी पर विजय पानी है तो प्रहार से बड़ा हथियार प्रवेश का है। उन्होंने कहा कि जो मार्ग से भटके हुए हैं उनके मन को जीतकर यानी उनके दिलों में प्रवेश कर हम उन्हें पुनः मुख्य धारा से जोड़ें। वे रविवार को उत्तम धाम आश्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

शारदीय नवरात्रि अंतर्गत धर्म प्रभावना के तहत विभिन्न समाजों के पदाधिकारी प्रतिनिधियों और धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों को संबोधित करते हुए महाराज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक जड़ता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि शस्त्र और शास्त्र दोनों का समागम करते हुए हिंदू अपनी जीवन शैली को सामर्थ्यवान बनाएगा तभी सनातन पर कथित संकट का समाधान होगा। इस दौरान उत्तम स्वामी महाराज ने अखाडा संस्कृति पर बल देते हुए कहा कि शहर में अखाड़े को मजबूती प्रदान करने के लिए सार्थक प्रयास आवश्यक है इसके लिये उन्होंने विभिन्न अखाड़ों को साधन संपन्न बनाने के लिये विभिन्न प्रकार के सहयोग एवं विजयादशमी पर अखाडे के प्रदर्शन संबंधी आव्हान भी किया।

उत्तम सेवा धाम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी महाराज का आशीर्वाद लेते हुए यज्ञ पूजन हवन में शामिल हुए। देवनानी ने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय और अराष्ट्रीय विचारों का संघर्ष चल रहा है एक तरफ सनातन संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के साथ भारत राष्ट्र को सर्वशक्तिमान बनाने के प्रयासों में देशवासी जुटे हैं तो दूसरी ओर देश विरोधी लोग सनातन संस्कृति को सत्य विखंडित करने के साथ ही राष्ट्र विरोधी शक्तियों को देश के विकास में अवरोध बनाने के रूप में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही विश्व का कल्याण कर सकता है अतः सभी को सनातन संस्कृति के संरक्षण, प्रचार-प्रसार का बीड़ा उठाना होगा। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कहा कि सनातन पर संकट और चिंता की बात गले नहीं उतरती। संचालन पं. भुवन मुकुंद पंड्या ने किया। इससे पूर्व दिव्य भारत पंड्या के आचार्यत्व में हवन में आहुतियां दी गयी।

# डॉ. भागवत ने गौ विज्ञान परीक्षा पोस्टर का विमोचन किया

## गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा 13 नवंबर को आयोजित होगी

**बारां।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने रविवार को गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का पोस्टर विमोचन किया।

यह परीक्षा 13 नवंबर को आयोजित होगी। क्षेत्र गौसेवा गतिविधि प्रमुख राजेन्द्र पामेचा ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य गौ माता के प्रति छात्र-छात्राओं में सेवा और सुरक्षा का भाव जगाना है। गौ माता का पंचगव्य चिकित्सा और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। क्षेत्र गौसेवा गतिविधि प्रमुख के अनुसार भारतीय गाय का अर्थ जिसके पीठ पर कूबड़ निकली हुई है, जिसे सूर्यकेतु नाडी कहते हैं, जिसके माध्यम से सूर्य की किरणें अन्दर जाती इसलिए दूध और घी में पीलापन आता है जो इम्युनिटी बूस्ट करता है। गाय में गलखम्ब लटका हुआ रहता है। परीक्षा के माध्यम से गौ माता के संरक्षण संवर्धन के लिए गो उत्पाद पंचगव्य, गौ काष्ट आदि की व्यावसायिक एवं विज्ञान आधारित जानकारी विद्यार्थियों को होनी है। वर्ष 2011 से इस परीक्षा का आयोजन हुआ और अब तक 8 बार आयोजन हो चूका है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का पोस्टर विमोचन किया।

संघ की गौ सेवा गतिविधि के विभिन्न आयामों के अंतर्गत गो चिकित्सा, गो आधारित कृषि एवं छत पर बागवानी, गो-उर्जा के अंतर्गत गोबर गैस से बिजली बनाना और बैल चालित ट्रेक्टर और जनरेटर को प्रोत्साहित किया जाता है। पंचगव्य से विभिन्न उत्पाद, पंचगव्य से मनुष्य चिकित्सा और उत्पादों गोघृत बाम, तक्रासव, अमृतधारा आदि के विपणन की संभावना पर समाज में जागरूकता प्रदान की जाती है। समाज में जागरूकता के लिए गौ विज्ञान परीक्षा एवं गौ कथा का आयोजन होता है। गौ संरक्षण-संवर्धन के लिए स्वावलंबी सुरभि ग्राम, गोचर भूमि संरक्षण और गौशालाओं को दिशा एवं संभाल के लिए आयाम है।

राजस्थान में बड़े प्रशिक्षण केंद्र जहां कृषक को गौ संबंधित इन सभी आयामों की प्रशिक्षण व्यवस्था है, के संचालन में सहयोग करते है। राजस्थान में पिछले वर्ष 1236 किसानों ने गौ आधारित कृषि प्रारम्भ की , गोबर द्वारा निर्मित दीपक द्वारा दीपावली मनाना कुल 473550 दीपक का निर्माण हुआ, 13224 गोमय गणपति का निर्माण हुआ एवं 40 स्थानों पर गो कथा में 23377 बंधु आये। गोपाष्टमी पर गो माता पूजन में 70874 बंधुओ ने भाग लिया। वर्तमान में 2023 कार्यकर्ता इस काम में जुटे है। इस आगामी माह में राजस्थान 72 इकाई में प्रशिक्षण तय है।



गेंद पकड़े जाने के बाद बैट को क्रीज के अंदर रखने के लिए पीछे की ओर मुड़ी और बैलेंस बिगड़ गया और गिर गईं। उनकी गर्दन में चोट आई। - हरमनप्रीत कौर

भारतीय महिला क्रिकेटर, खेल के दौरान बैलेंस बिगड़ने से गर्दन में चोट के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## रानी रामपाल

एअर इंडिया की फ्लाइट पर भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल का ट्रॉली बैग टूट गया। 29 साल की हॉकी खिलाड़ी कनाडा से स्वदेश लौट रही थीं। इस पर रानी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गुस्सा जाहिर किया है, हालांकि एअर इंडिया ने रानी रामपाल से तुरंत माफी मांगी है। रानी रामपाल टोक्यो ओलिंपिक 2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रह चुकी हैं। वे 2016 के रियो ओलिंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे कप फुटबॉल में पहली बार मजेबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।

## भारतीय लड़की ने पूर्व पाक क्रिकेटर से सगाई की

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। भारत की एक और लड़की पाकिस्तानी क्रिकेटर से शादी करने जा रही है। लड़की का नाम पूजा बोमन है और न्यू यॉर्क में रहती हैं। पूजा ने हाल ही में पाकिस्तानी स्पिनर रजा



हसन से सगाई की। दोनों अगले साल जनवरी-फरवरी में शादी करने जा रहे हैं। 32 साल के रजा हसन ने इंस्टा पोस्ट में पूजा से सगाई का ऐलान किया। फोटो में पूजा हसन के साथ इंगेजमेंट रिंग को दिखाती नजर आ रही हैं। दोनों ने समुंदर किनारे फोटो शूट कराया। रजा ने लाल रंगा कुर्ता पहना हुआ है, जबकि पूजा ने वाइन क्लर की सूट में दिख रही हैं। रजा ने आंखों पर सन ग्लास लगा रखा है। दोनों के चेहरों पर स्माइल है। रजा अपनी मंगेतर पूजा का हाथ पकड़े रोमांटिक अंदाज में खड़े हैं।

## ओलिंपिक संघ को स्पॉन्सरशिप डील में करोड़ों का घाटा

### रिपोर्ट में दावा-रिलायंस से 59 करोड़ मिलने थे, 35 करोड़ ही लिए

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन के ऊपर अपना ही घाटा करवाने का आरोप लगा है। आरोप की रिपोर्ट से लगा है। ने रिलायंस के साथ 2022 से 2030 तक होने वाले 10 मेगा इवेंट्स के लिए स्पॉन्सरशिप डील की थी। इन मेगा इवेंट्स में 2 समर ओलिंपिक (2024 और 2028), दो एशियन गेम्स (2022 और 2026), दो कॉमनवेल्थ गेम्स (2022 और 2026) के साथ-साथ दो विंटर ओलिंपिक (2026 और 2030) और दो यूथ ओलिंपिक (2026 और 2030) शामिल हैं। के मुताबिक पूरी डील के लिए को 59 करोड़ रुपए मिलने चाहिए थे, लेकिन उसे 35 करोड़ रुपए ही मिले। ओलिंपिक एसोसिएशन के सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष पीटी उषा 8 अक्टूबर को इन आरोपों का जवाब दे सकती हैं। की नजर में घाटा कैसे हुआ रिपोर्ट कहती है...2022 में जब रिलायंस के साथ डील फाइनल हुई थी, तब इसमें दो विंटर ओलिंपिक और दो यूथ ओलिंपिक शामिल नहीं थे। तब ने 6 मेगा इवेंट्स के लिए 35 करोड़ रुपए में डील फाइनल की थी। एक इवेंट के लिए करीब 6 करोड़ रुपए की रकम तय हुई थी। 2023 में चार और इवेंट्स के लिए डील एक्सटेंड हुई, लेकिन इसके लिए कोई अतिरिक्त रकम नहीं ली गई है। इनमें से हर एक के लिए 6-6 करोड़ रुपए और मिलने चाहिए थे। यानी 24 करोड़ रुपए और मिलने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ने 59 की जगह 35 करोड़ रुपए ही लिए। इस मामले पर कैग ने अध्यक्ष पीटी उषा से जवाब मांगा है।

## भारतीय दिव्यांग क्रिकेट चैम्पियनशिप 15 से

उदयपुर, 6 अक्टूबर। राजस्थान के उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान एवं भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद के तत्वावधान में 15 से 25 अक्टूबर तक नेशनल डिसएब्ल्ड क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेगी। नारायण सेवा के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता की सम्पूर्ण व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीसरी क्रिकेट प्रतियोगिता भी संस्थान के सहयोग से आयोजित हुई थी। पिछले वर्ष की तरह दिव्यांगों को खेलों से जोड़ते हुए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नारायण सेवा संस्थान दिव्यांगों के लिए समय-समय पर स्विमिंग चैंपियनशिप, व्हीलचेयर चैंपियनशिप और ब्लाइंड क्रिकेट चैंपियनशिप जैसे कई आयोजन कर चुका है।

## साहिल कुमार, चयनिका ने एचसीएल साइक्लोथॉन में पुरूष, महिला खिताब जीता

चेन्नई, 6 अक्टूबर। साहिल कुमार और चयनिका गोगोई ने रविवार को एचसीएल साइक्लोथॉन के दूसरे संस्करण में 55 किमी स्पर्धा में पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई) के तत्वावधान में तमिलनाडु सरकार के सहयोग से एचसीएल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 2,500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य के खेल और युवा कल्याण विभाग के मुख्य सचिव अतुल्य मिश्रा और सीएफआई के सहायक सचिव वीएन सिंह ने इस रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस स्पर्धा में ओड़िशा के सूर्या थाथु और स्वस्ति सिंह उपविजेता रहे जबकि वेंकप्पा केएस और एम.सोनाली चानू प्रथम उपविजेता रहे, एमेच्योर 55 किमी स्पर्धा में कविश एस और अर्पिताकेतन ने पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता जबकि नील और आरती उपविजेता रहे। एमेच्योर 24 किमी रोड रेस स्पर्धा में शेख खुदबोद्दीन शेख बशीर और नफीसा मिलवाला ने पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। राजेश जाधव और धेसाप्रिया रेंगासामी क्रमश: उपविजेता रहे। वहीं एमेच्योर 24 किमी एमटीबी रेस में, मोहमिस इस्माइल और संध्या मौर्य ने पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता उसके बाद धनंजय एसएस और जमीला मुर्तुजा मोरुदवाला ने खिताब जीता।

# महिला टी-20 विश्वकप में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया

दुबई, 6 अक्टूबर। अरुंधति रेड्डी (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (32) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (रिटायर्ड हर्ट 29) की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के सातवें मैच में पाकिस्तान को सात गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया हैं।

आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 106 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में स्मृति मंधाना (सात) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने शेफाली वर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 12वें ओवर में ओमाइमा सोहैल ने शेफाली वर्मा को रियाज के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। शेफाली ने 35 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये (32) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जेमिमाह के साथ तेजी से रन बटोरने का प्रयास किया। 16वें ओवर में फातिमा सना ने जेमिमाह (23) को विकेटकीपर मुनीबा अली के हाथों कैच आउट करा दिया और अगली ही गेंद पर ऋचा घोष (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया।

इस समय ऐसा लगने लगा कि पाकिस्तान मैच में वापसी कर रहा है, लेकिन हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। दोनों बल्लेबाज भारत को जीत की दहलीज पर ले



गई। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर शॉट खेलने के दौरान हरमनप्रीत गिर कर चोटिल हो गई और रिटायर हर्ट होना पड़ा। उन्होंने 24 गेंदों में एक चौका लगाते हुये 29 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी सजीवन सजना ने आते ही चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर छह विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की ओर से फातिमा सना ने दो विकेट लिये। सादिया इकबाल और ओमाइमा सोहैल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम को मैच की शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजी के कहर का सामना करना पड़ा। पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने गुल फिरोजा (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सिदरा अमीन (8) को अपना शिकार बनाया।

अरुंधति रेड्डी ने ओमाइमा सोहैल (3) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 10वें ओवर में श्रेयंका पाटिल ने मुनीबा अली (17) को आउट किया। आलिया रियाज (4), कप्तान फातिमा सना (13) और तुबा हसन (शून्य) पर आउट हुई। निदा डार ने पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक 28 रनों की पारी खेली। सैयदा अरूब शाह (14) और नाशरा संधू (6) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजी कहर के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 105 का स्कोर बना सकी। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी ने 19 रन देकर (तीन विकेट) और श्रेयंका पाटिल ने 12 रन देकर (2 विकेट) लिये। रेणुका सिंह, दीप्ति शर्मा और सोभना आशा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



# भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से पहला टी-20 हराया

### वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह को 3-3 विकेट

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। भारत ने बांग्लादेश को पहले टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। ग्वालियर के माधवराव सिंधिया स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बांग्लादेश ने 19.5 ओवर में 127 रन बनाए। भारत ने 11.5 ओवर में 3 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत से अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट लिए। संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव ने 29-29 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने 39 रन बनाकर मैच खत्म किया। पहला टी-20 जीतकर भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मुकाबला 9 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा।

भारत से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ओपनिंग करने उतरे। टीम ने एक ओवर के बाद बगैर नुकसान के 10 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश से पहला ओवर शोरिफुल इस्लाम ने फेंका। बांग्लादेश से मेहदी हसन मिराज ने 35 और नजमुल हुसैन शांतो ने 27 रन बनाए। टीम के 6 बैटर्स 10 रन आंकड़ा भी नहीं छू सके। भारत से वॉशिंगटन सुंदर, हार्दिक पंड्या और मयंक यादव को 1-1 विकेट मिला, एक बैटर रनआउट भी हुआ।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए बांग्लादेश टीम 19.5 ओवर में 127 रन ही बना सकी। टीम से मेहदी हसन मिराज ने 35 और नजमुल हुसैन शांतो ने 27 रन बनाए। तस्कीन अहमद और तौहिद हृदॉय ने 12-12 रन बनाए, वहीं रिशाद हुसैन 11 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह ने बांग्लादेश का 10वां विकेट लिया।

# कार्तिक कुमार और केएम लक्ष्मी ने जीती बेंगलुरू मैराथन

बेंगलुरु, 6 अक्टूबर। एशियन गेम्स के पदक विजेता कार्तिक कुमार ने रविवार को बेंगलुरु मैराथन 2024 में पुरुषों की एलीट दौड़ जीती, वहीं केएम लक्ष्मी ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। तीन श्रेणियों आज यहां आयोजित इस दौड़ में पिछले साल चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेल 2023 में 10 हजार मीटर में रजत पदक जीतने वाले कार्तिक कुमार ने 2:22:50 समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

प्रदीप सिंह चौधरी 2:23:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि हर्षद ने 2:25:50 के समय के साथ पुरुषों की दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया। यह बेंगलुरु मैराथन का 11वां



संस्करण था, जो एक ई श्रेणी विश्व एथलेटिक्स लेबल रोड रेस है। इस वर्ष इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय ओपन मैराथन के रूप में भी प्रमाणित किया गया था। महिलाओं की रेस में केएम लक्ष्मी 3:00:21 के समय के साथ खिताब अपने नाम किया। पिछले साल की चैंपियन ज्योति गावटे को 3:25:21 के समय के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

अश्विनी जाधव को 3:12:42 समय के साथ दूसरे स्थान पर रही। हाफ-मैराथन रेस में अशोक बिंद (1:12:05) ने शीर्ष स्थान हासिल किया, उसके बाद दूसरे स्थान पर एम नंजुंदप्पा (1:12:53) और तीसरे स्थान पर मणिकांता पी (1:14:41) रहे। वहीं महिला वर्ग में तेजस्विनी (1:25:16) समय के साथ पहले, मनीषा जोशी (1:35:12) दूसरे और बुगली कुमारी गुर्जर (1:35:31) तीसरे स्थान पर रहीं।

## हॉकी इंडिया ने की सुल्तान जोहोर कप के लिए भारतीय जूनियर टीम की घोषणा

बेंगलुरू, 6 अक्टूबर। हॉकी इंडिया ने मलेशिया में होने वाले सुल्तान जोहार कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम के नवनियुक्त कोच पीआर श्रीजेश मलेशिया दौरे पर अपना पद संभालेंगे। टीम की कप्तानी डिफेंडर आमिर अली करेंगे जबकि फॉरवर्ड रोहित उप-कप्तान होंगे।

आमिर अली की अगुवाई में भारत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद ग्रुप चरण में ब्रिटेन, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ मुकाबला होगा। युवा टीम में अमीर अली और गुरजोत सिंह जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं, दोनों ने इस साल की शुरुआत में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सफल प्रदर्शन के दौरान अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मलेशिया दौरे को लेकर आमिर अली ने कहा कि सुल्तान ऑफ जोहोर कप टीम के लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और सभी खिलाड़ी इसको लेकर उत्साहित हैं। रोहित ने श्रीजेश की उपस्थिति पर कहा कि पीआर श्रीजेश जैसे भारतीय हॉकी दिग्गज का प्रभारी होना टीम के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है। हम सभी उसके पास जाने और उसे गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं।

**मलेशिया दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है:- गोलकीपर:** बिक्रमजीत सिंह, अली खान: **डिफेंडर:** आमिर अली (कप्तान), तलेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुखविंदर, अनमोल एक्का, रोहित (उप कप्तान); **मिडफील्डर:** अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, मुकेश टोप्पो, चंदन यादव; **फॉरवर्ड:** गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद कोनैन डैड।

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पहुंचे श्रीनगर



श्रीनगर, 6 अक्टूबर। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के अंतिम चरण में भाग लेने के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रविवार को श्रीनगर पहुंच गये है। अधिकारियों ने आज यहां बताया कि बुधवार नौ अक्टूबर से बख्शी स्टेडियम में होने वाली एलएलसी के लिए अधिकांश खिलाड़ी पहुंच गये है और श्रीनगर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद कैफ, शिखर धवन, दिनेश कार्तिक, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, क्रिस गेल, रॉस टेलर, इयान बेल सहित 124 पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारे पहली बार कश्मीर में मैच खेलेंगे। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्रिस गेल ने एक वीडियो संदेश में कहा, हैलो श्रीनगर, यूनिवर्स बॉस शहर में है यूनिवर्स बॉस को देखने के लिए अपने टिकट बुक करें..आम श्रीनगर आपकी तलाश कर रहा है।एक अधिकारी ने कहा कि बख्शी स्टेडियम श्रीनगर में मेगा क्रिकेट आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह कश्मीर के लोगों के लिए लगभग 40 वर्षों में पहली बार स्टेडियम में आकर लाइव क्रिकेट एक्शन देखने का एक बड़ा अवसर है।

## राधिका जोशी ने चौथी रैंक प्राप्त की



जयपुर, 6 अक्टूबर। राजस्थान राइफल एसोसिएशन द्वारा 3 से 14 जुलाई तक आयोजित 22वीं राजस्थान राइफल डिफ वुमन स्टेट चैम्पियनशिप में 334 स्कोर के साथ राधिका जोशी ने चौथी रैंक प्राप्त किया। राजस्थान राइफल एसोसियेशन की ओर से सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट वितरित किये गये। कोच विश्वेन्द्र डागर के सान्निध्य में राठ शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी पर राधिका ने अभ्यास किया।

## जयपुर यूएसपीए ने क्राइसिल पोलो को 8 गोलों से हरा सवाई मान गार्ड कप जीता




जयपुर, 6 अक्टूबर। राजस्थान पोलो मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में जयपुर यूएसपीए ने क्राइसील पोलो को 7 के मुकाबले 8 गोलो से हराकर पोलो कप अपने नाम किया। क्राइसील पोलो की ओर से अल्बेरदी ने 2 गोल, शमशीर अली ने 3, रणशेर सिंह ओर कुलदीप सिंह ने 1 -1 गोल किये वहीं जयपुर यूएसपीए की ओर से महाराज पदमनाभ सिंह ने 4, वाट्सन ने 3 ओर हिम्मत सिंह ने 1 गोल किये। मैच के मुख्य अतिथि कर्नल देब चंदन दास ने जयपुर यूएसपीए विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। मैच के एम्पायर मार्टिन स्कोर्टीचीनी ओर मजीनि ओर रेफ्री डेन जोशुआ थे ।

## स्टेट स्नूकर में आदित्य गोयंका, जयंत मेघानी का शानदार प्रदर्शन



नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। जय क्लब में चल रही श्री मुरारी मेघानी स्टेट स्नूकर प्रतियोगिता में आज अर्जुन मेघानी ने अपने धैर्य व शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जोधपुर स्टेट की प्रथम वरीयता के कुणाल मनचंदा को 49-38, 51-31 से हरा प्री क्वार्टर में प्रवेश किया। नेशनल स्नूकर खिलाड़ी आदित्य गोयनका ने भी आज अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रोमांचक मैच में हर्ष गाखरेजा को 17-49, 70 -26, 72- 15 से परास्त किया आदित्य गोयंका कई बार राष्ट्रीय स्नुकर में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। दीपक करवा व नितेश गुलाटी के बीच हुए संघर्ष में पूर्ण मैच में दीपक करवा ने 58-14, 53-56, 67-45 से नितेश गुलाटी को परास्त किया।

### दीया कुमारी ने किया नेशनल महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप का आगाज

# हार-जीत नहीं खेल भावना मायने रखती है : उपमुख्यमंत्री

जयपुर, 6 अक्टूबर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज विद्याधर नगर स्टेडियम में नवनिर्मित एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल मैदान का उद्घाटन किया और 29वीं सीनियर महिला फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप - राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी 2024-25 का आगाज किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में सीनियर महिला फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन विद्याधर नगर स्टेडियम के नवनिर्मित एस्ट्रो-टर्फ फुटबॉल मैदान पर 6 से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने फीता काटकर टूर्नामेंट की शुरुआत की और मैच शुरू होने से पहले छत्तीसगढ़ और राजस्थान की टीमों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने पहले किक से साथ टूर्नामेंट के पहले मैच की आधिकारिक शुरुआत की। इस मौके पर खेल सचिव नीरज पवन भी मौजूद थे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य विद्याधर नगर स्टेडियम को वर्ल्ड क्लास स्टेडियम बनाना है। विद्याधर नगर स्टेडियम का




### विद्याधर नगर स्टेडियम में 10 खेलो के लिये 13 करोड़ खर्च

बास्केटबॉल, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, 400 मीटर एथलेटिक्स, हैंडबॉल, इंडोर स्टेडियम, टेनिस, कोर्ट के लिए सुविधाएं विकसित की गयी है। फुटबॉल का एस्ट्रो टर्फ मैदान एवं एथलेटिक्स के लिए सिंथेटिक ट्रैक तैयार करने में राज्य सरकार ने करीब 13 करोड़ रुपए खर्च किये है।

फुटबॉल मैदान अब फीफा से मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि सवाई मानसिंह स्टेडियम के बाद अब विद्याधर नगर स्टेडियम राजधानी में खेल-हब के रूप विकसित हो रहा है। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा ले रही है और कुल 12 मैचों का आयोजन किया जायेगा। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन को चैंपियनशिप के ग्रुप डी और ई के मैचों क आयोजित करने की ज़िम्मेदारी मिली है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारे समाज में खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा और युवा खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच मिलेगा। मैं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देती हूं और आशा करती हूं की यह प्रतियोगिता अनुशासन, कड़ी मेहनत और खेल भावना के नए आयाम स्थापित करेगा।

इस अवसर पर युवा एवं खेल विभाग के सचिव नीरज के पवन जी, सीजीएसटी कमिश्नर सुमित कुमार यादव, राजस्थान फुटबाल एसोसिएशन की अध्यक्षा रोशनी टांक, एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 5-0 से हराया, पंजाब भी जीती



जयपुर, 6 अक्टूबर। प्रियंका फुटान के तीन गोलों की बदौलत छत्तीसगढ़ ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप ई मुकाबले में मेजबान राजस्थान को 5-0 से पराजित कर दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से दो अन्य गोल हिना निर्मालकर ने किए। प्रियंका ने खेल के पांचवें मिनट में ही शानदार गोल कर छत्तीसगढ़ को बढ़त दिला दी। हालांकि पहला हाफ समाप्त होने तक राजस्थान की खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ को इसी स्कोर पर रोके रखा। लेकिन दूसरे हाफ में छत्तीसगढ़ ने चार गोल ठोक दिए।हिना ने 49वें और 55वें मिनट में दो गोल कर छत्तीसगढ़ की बढ़त को 3-0 तक पहुंचा दिया। प्रियंका ने 70वें और फिर 81वें मिनट में दो और गोल ठोक छत्तीसगढ़ की 5-0 से जीत पक्की कर दी। इससे पूर्व दिन के पहले मुकाबले में पंजाब ने उत्तराखंड को 3-1 से पराजित कर तीन अंक हासिल कर लिए। पंजाब ने शानदार शुरुआत की और लालाम हाओकिप के बेहतरीन गोल की बदौलत 14वें मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली। 53वें मिनट में मिताली मेलवाल ने उत्तराखंड का खाता खोला और मुक़ाबले में 1-1 से बराबरी पर ला दिया। पंजाब को एक गोल तोहफे में मिल गया जब 69वें मिनट में उत्तराखंड की अचला पुरी अपनी टीम पर आत्मघाती गोल कर बैठी। निशा ने 73वें मिनट में गोल दागकर पंजाब को 3-1 से आगे कर दिया जो बाद में विजयी स्कोर रहा।

# मुख्यमंत्री ने विभागीय प्री समिट आयोजनों की समीक्षा की

## भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्री समिट तैयारियों से राइज़िंग राजस्थान को मजबूती मिलेगी

जयपुर, 6 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 से राजस्थान का विकास तीव्र गति से होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रथम वर्ष में ही इस समिट के आयोजन से प्रदेश में औद्योगिक विकास का विस्तार होगा और युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने निवेश से संबंधित एमओयू को समय से धरातल पर उतारने के निर्देश देते हुए कहा कि छोटे निवेशों को भी तरजीह दी जाए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर राइज़िंग राजस्थान समिट के तहत विभागीय स्तर पर होने वाली प्री समिट आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि पॉलिसी निर्माण का कार्य संबंधित विभाग गहन विश्लेषण करके पूरा करें, जिससे पॉलिसी सरल, स्पष्ट और गुणवत्तापूर्ण बने एवं इससे निवेशकों को निवेश करने में आसानी हो। समिट की तैयारियों के क्रम में ब्रोशर, प्रैज़ैंटेशन, ऑडियो-वीडियो फिल्में, स्पीच,

- **मुख्यमंत्री ने विभागों को सरल व स्पष्ट पॉलिसी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों से प्री समिट में कॉर्पोरेट्स, व्यापार संघों, सी.ई.ओ., शोधकर्ताओं व विशेषज्ञों को आमंत्रित करने के लिए कहा।**

टॉकिंग पॉइंट, विभागीय नीतियों का सारांश तैयार करने जैसे काम विभाग समय रहते पूरा कर लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, विभागीय समिट का स्थान, ब्रांडिंग, डेलीगेट एवं वक्ताओं का चयन तथा प्रोग्राम का शेड्यूल निर्धारित कर प्री समिट का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग प्री समिट में प्रमुख कॉर्पोरेट्स, व्यापार संघों, सीईओ, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय पीआरओ मीडिया मैनेजमेंट, मीडिया कवरेज, प्रेस रिलीज, मीडिया इंटरेक्शन, सोशल मीडिया पोस्ट, पोस्ट इवेंट कवरेज आदि के लिए डीआईपीआर के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। प्री समिट आयोजन के पश्चात मुख्य गतिविधियों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय एवं उद्योग विभाग में प्रस्तुत की जाए।

शर्मा ने कहा कि 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान समिट को महत्वपूर्ण विभागों की प्री समिट के आयोजन से मजबूती मिलेगी।

उन्होंने पर्यटन विभाग को निर्देश दिया कि नवीन पर्यटन नीति के माध्यम से राजस्थान की पर्यटन अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। इसके लिए नीति निर्माण में पर्यटन से संबंधित सभी पहलुओं और हितधारकों का पूर्ण ध्यान रखा जाए। उन्होंने एक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने के लिए समुचित प्रयास करने के निर्देश दिए। राज्य में वाइल्डलाईफ, डेजर्ट और धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए उन्होंने विशेष कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की उपलब्धता के क्षेत्र में देश के प्रमुख राज्यों में से एक है। प्रदेश में उपलब्ध खनिजों की जिलेवार सूची बनाई जाए और विभागीय वेबसाइट के माध्यम से एवं बुकलेट के जरिए इनका विपणन कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदेश में निवेश लाएं तथा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024, के माध्यम से प्रदेश को नई औद्योगिक ऊंचाईयों तक पहुंचाए। जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ बने।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश कुमार यादव, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव मौजूद रहे एवं वीसी के माध्यम से बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक सहित प्रमुख विभागों के शासन सचिव भी जुड़े।

## मेघालय में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 15 हुई

शिलांग, 06 अक्टूबर। मेघालय में बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 15 हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को पांच और मौतों की सूचना दी।

अधिकारियों ने कहा कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एस.डी.आर.एफ.) ने रविवार को पश्चिम गारो हिल्स जिले में बाढ़ के पानी से पिता-पुत्र के शव निकाले, जबकि एक मां-पुत्री के शव भूस्खलन से बरामद किए। इसके अलावा पूर्वी गारो हिल्स जिले में शनिवार देर रात एक कार पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि पिता-पुत्र की पहचान बिजॉय

- **अधिकारियों के अनुसार रविवार को बाढ़ व भू-स्खलन में 5 की मृत्यु हुई।**

एस संगमा (44) और वियान शिकागो आर मारक (14) के रूप में हुई है, जिनका वाहन पश्चिम बंगाल पंजीकरण संख्या डब्ल्यूबी 06 7718 शुक्रवार को बाढ़ के पानी के तेज बहाव में बह गया था। पांच और छह अक्टूबर को ईस्ट गारो हिल्स में तीन मौतें हुईं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को समुदाय की मदद से एसडीआरएफ टीम ने ईस्ट जैंतिक हिल्स जिले के रोंगजेंग गोंगडोप में भूस्खलन से अमेरिन के मारक और उनकी पुत्री मनसे के मारक के शव बरामद किए हैं, जबकि थिबापारा के तेंगसेंग मारक की शनिवार रात पेड़ गिरने से मौत हो गई।

# लालसोट में डंपर ने बाइक सवारों को कुचला, 5 की मौत

## रविवार को लालसोट के बस स्टेण्ड पर ब्रेक फेल डम्पर ने 15 को चपेट में लिया

दौसा, 06 अक्टूबर (निस)। लालसोट के बस स्टैंड पर रविवार को एक भीषण हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार डंपर ने कई बाइक सवारों को कुचल दिया। इस दर्दनाक दुर्घटना में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि डंपर के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, दोनों वाहनों के नीचे दबे हुए करीब 15 लोगों को बचाने के लिए क्रेन की मदद ली गई। घायलों में 10 गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को लालसोट और दौसा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर सीताराम मीणा ने जानकारी दी कि 15 लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 4 की पहले ही मौत हो चुकी थी। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई। मृतकों में 14 साल की लक्ष्मी महावर और 33 साल के रेवड़ (गेंडालाल के पुत्र) की पहचान हुई है।

घायलों की सूची में बिरमा (45) पत्नी जगदीश, अर्चना (35), हाकिम

- **इस दुर्घटना में 5 लोगों की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। गम्भीर रूप से घायल 10 व्यक्तियों का लालसोट व दौसा के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।**

सिंह (60), छाजुसिंह, गोलू (14) पुत्र लल्लू महावर, मानसिंह (14) पुत्र बजरंग, उर्मिला (40) पत्नी शंभूदयाल, पूजा (30), अजय (33) पुत्र जेनेंद्र, और कस्तूरी (34) पत्नी रामफूल शामिल हैं। इन्हें दौसा और अन्य अस्पतालों में रैफर किया गया है।

स्थानीय पीसीसी मेंबर कमल मीणा ने इस हादसे के लिए पुलिस-प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों की नो एंट्री के बावजूद बजरी से भरे डंपर भीड़-भीड़ वाले इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। तीन दिन पहले लालसोट के व्यापारी इसी समस्या को लेकर धरने पर बैठे थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी आवाज़ को अनसुना कर दिया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दौसा जिले के लालसोट में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## लालू, तेजस्वी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रदेश के जबलपुर में स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। ईडी के मुताबिक राजद प्रमुख के परिवार या सहयोगियों को हस्तांतरित की गई या तोहफे में दी गई जमीन के बदले ये नियुक्तियां की गईं। अदालत ने इस मामले में सभी आठ आरोपियों को समन भेजा था।

# कांग्रेस-एन.सी. अलायंस में आने को तैयार पी.डी.पी.

## नैशनल कॉन्फ्रैंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने पी.डी.पी. के निर्णय पर खुशी जताई

जम्मू-कश्मीर, 06 अक्टूबर। विधानसभा चुनाव के एग्ज़िट पोल जारी होने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस (एन.सी.) के प्रेसिडेंट फारूक अब्दुल्ला ने खुशी जताई है कि एन.सी. और कांग्रेस मिलकर सरकार बनाते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पी.डी.पी. हमसे जुड़ने के लिए तैयार है, ये बेहद अच्छी बात है।

दरअसल, एग्ज़िट पोल सामने आने के बाद पी.डी.पी. नेता जुहैब यूसुफ मीर ने बयान दिया कि भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए वे नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के साथ गठबंधन करने को तैयार हैं।

- **शनिवार को एग्ज़िट पोलों में से आधे एन.सी.-कांग्रेस को बहुमत दे रहे हैं तथा आंकड़े उसे बहुमत से कुछ दूर बता रहे हैं। पी.डी.पी. के निर्णय से एन.सी.-कांग्रेस गठबन्धन मजबूत होगा।**

पी.डी.पी. नेता के इस बयान को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा, उन्हें बधाई हो। उनकी सोच अच्छी है, हम सभी एक राह पर हैं। नफरत को हमें खत्म करना है और जम्मू-कश्मीर को इकट्ठा रखना है।

शनिवार को जारी हुए एग्जिट पोल्स में एन.सी.-कांग्रेस की सरकार बनती नजर आ रही है। 10 पोल में से 5 एग्जिट पोल्स नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बना रहे हैं, जबकि 5 में वह बहुमत से 10 से 15 सीटें दूर दिख रही है।

पार्टी को 40 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 30 सीटें ला सकती है। पी.डी.पी. और अन्य की 10-10 सीटें आएंगी।

## मुख्यमंत्री ने ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

महाराज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की शाकाहारी जीवन पद्धति का उल्लेख करते हुए सराहना की। साथ ही, मुनि पावन सागर महाराज, मुनि तत्वरूचि महाराज, मुनि सम्यक रत्न विजय महाराज, साध्वी श्रुत दर्शना श्री जी ने भी आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जैन मुनियों को जैन शास्त्र भेंट किए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, सांसद मदन राठौड, मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सर्राफ, जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, उप महापौर पुनीत कर्णावट सहित बडी संख्या में जैन समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## धर्मशाला में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मिली। इस दौरान एनएसजी और पुलिस तथा अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# इनेलो-बसपा गठबंधन "किंग" की भूमिका निभायेगा-अभय चौटाला

चंडीगढ़, 06 अक्टूबर। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के महासचिव अभय सिंह चौटाला ने रविवार को दावा किया कि हरियाणा में कांग्रेस या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार नहीं बनने जा रही है। उन्होंने कहा, इनेलो -बहुजन समाज पार्टी (बसपा) गठबंधन 'किंग' की भूमिका निभाएगा।

चौटाला ने यहाँ जारी बयान में कहा कि चुनाव परिणाम इनेलो-बसपा गठबंधन के पक्ष में आएंगे, हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा तथा सत्ता बनाने में हम 'किंग' की भूमिका में होंगे।

उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान सिर्फ इनेलो बसपा गठबंधन ने ही लोकहित के मुद्दों को उठाया जबकि भाजपा और कांग्रेस तो जात-पाते और भेदभाव की राजनीति में उलझ कर रह गए थे।

- **इनेलो के महासचिव ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस को बहुमत नहीं मिलेगा।**

इनेलो नेता ने बसपा प्रमुख मायावती व बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद का धन्यवाद किया और दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की पीठ भी थपथपाई।

चुनाव की थकान मिटाने के लिए इनेलो नेता ने रविवार को सिरसा स्थित अपने निवास पर पूरा दिन अपने पोते उधम सिंह के साथ समय बिताया।

गौरतलब है कि तमाम चुनाव बाद सर्वेक्षणों ने हरियाणा में कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनने की भविष्यवाणी की है। मतगणना आठ अक्टूबर को होने वाली है।

## सारे जतन के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

11:30 बजे एक बाड़े में चारे के बीच पैंथर को देखा गया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची।

इससे पहले ग्रामीणों ने पहाड़ी को चारों तरफ से घेर लिया लेकिन पैंथर कहीं नहीं दिखा। ग्रामीणों ने एक वीडियो बनाया जिसमें उनका दावा है कि घास के बीच से पैंथर गुजर रहा है, लेकिन, उसके बाद वापस नहीं दिखा।

शूटर, वैटरनेरी डॉक्टर व ग्रामीणों के साथ टीमों ने दबे पांव पहाड़ी क्षेत्र के जंगल का कोना-कोना छान मारा लेकिन कहीं भी पैंथर का मूवमेंट नजर नहीं आ रहा है।

## मोदी सरकार ने 10 साल में रेलवे का बंटाधार कर दिया-लालू

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। यादव ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से पिछले 10 वर्षों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में, रेलवे द्वारा आम लोगों का शोषण करने और रेलवे को घाटे में ले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया है कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के शासन में देश में रेलवे की सेवाएं आम लोगों के लिए दुष्कर हो गई हैं।

राजद अध्यक्ष ने कहा, 10 वर्षों में मोदी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने रेल का किराया बढ़ा दिया, प्लेटफार्म टिकट का दाम बढ़ा दिए, स्टेशन बेच दिए, जनरल बोगियां घटा दीं, बुजुर्गों को मिलने वाला लाभ खत्म कर दिया। उन्होंने कहा, सेफ्टी-सिक्यूरिटी घटाने पर रोज हादसे हो रहे हैं फिर भी कहते हैं रेलवे घाटे में है। अब ये कहीं रेल की पटरियां ना बेच दें। लालू ने कहा, उनके रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में जहां एक ओर किफायती किराए वाली गरीब रथ जैसी वातानुकूलित ट्रेनें चली।

# भोपाल के कारखाने से करोड़ों रुपये का मादक पदार्थ जब्त

## गुजरात पुलिस तथा एन.सी.बी. की इस कार्यवाही से मध्यप्रदेश पुलिस अनभिज्ञ थी

भोपाल, गांधीनगर, 06 अक्टूबर। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने गुजरात पुलिस और मादक पदार्थ नियंत्रक ब्यूरो (एन.सी.बी.) के एक संयुक्त अभियान के तहत मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के एक कारखाने से करोड़ों रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए जाने का खुलासा किया है।

मंत्री के इस खुलासे के बाद समूचे अभियान से लगभग अंजान रही मध्यप्रदेश पुलिस में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस को मंत्री की इस पोस्ट के बाद ही इस मामले के बारे में जानकारी हासिल हुई है।

मंत्री संघवी ने रविवार दोपहर

- **गुजरात के गृहराज्य मंत्री के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद मध्यप्रदेश पुलिस को इस संयुक्त अभियान की जानकारी मिली।**

अपनी एक्स पोस्ट में जानकारी दी कि गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और मादक पदार्थ नियंत्रक ब्यूरो, दिल्ली, ने अपने संयुक्त अभियान में मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की है। हाल ही में इन दोनों एजेन्सियों ने एक संयुक्त अभियान के तहत भोपाल में एक कारखाने पर छापामार कार्रवाई की, जिसके बाद वहां से लगभग एक हजार 814 करोड़ रुपए मूल्य की एमडी (एक प्रकार का मादक पदार्थ) और उसके निर्माण में उपयोग आने वाला सामान जब्त किया गया।

उन्होंने इस संयुक्त अभियान के लिए इन दोनों एजेन्सियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये भारत को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

इसी बीच इस खुलासे के बाद मध्यप्रदेश पुलिस में हड़कंप की स्थिति है। इस पोस्ट के बाद मध्यप्रदेश पुलिस को सोशल मीडिया पर जम किया जा रहा है।

## नेपाल में मरने वालों की संख्या 244 पहुंची

काठमांडू, 06 अक्टूबर। नेपाल में हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 244 तक पहुंच गई है, जबकि 19 लोग अभी भी लापता हैं और 179 घायल हुए हैं।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने रविवार को बताया कि प्रभावित क्षेत्रों से 17,174 लोगों को बचाया गया है और बाधित राजमार्गों को बहाल करने तथा राहत पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, "सरकार स्थानीय स्तर पर पीड़ितों का विवरण एकत्र कर रही है और सत्यापन के बाद अस्थायी आवास के लिए सहायता वितरित की जाएगी। स्थानीय अधिकारियों ने पहले ही प्रभावित परिवारों को भोजन और अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध करा दी हैं।"

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने जिला आपदा प्रबंधन कोष के माध्यम से मृतकों के परिवारों को 200,000 रुपये प्रदान किए हैं, जिसमें 160 परिवारों को अब तक सहायता मिल चुकी है।

# स्त्री-2 कोरियोग्राफर जानी मास्टर से नेशनल अवॉर्ड वापस लिया

## उनकी असिस्टेन्ट ने उनके खिलाफ यौन शोषण की एफ.आई.आर. दर्ज करायी थी

मुंबई, 06 अक्टूबर। नाबालिग असिस्टेंट से रेप के आरोपी जानी मास्टर से बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड छीन लिया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग ने रविवार को यह जानकारी दी। जानी के खिलाफ उनकी असिस्टेंट रही लड़की ने 15 सितंबर को तेलंगाना के साइबराबाद रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में एफ.आई.आर दर्ज करवाई थी।

जानी मास्टर को साल 2022 में रिलीज़ हुई धनुष की फिल्म 'तिरुचित्रम्बालम' के गाने 'मेघम करुकथा' का डांस कोरियोग्राफ करने के लिए नेशनल अवॉर्ड दिया गया था। इस गाने को उन्होंने सतीश कृष्णन के साथ कोरियोग्राफ किया था। उन्होंने स्त्री-2 के गाने, आई नहीं और पुष्पा के गाने श्रीवल्ली को भी कोरियाग्राफ किया है।

जानी मास्टर के खिलाफ केस दर्ज कराने वाली लड़की का आरोप कि

- **सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आरोपी जानी मास्टर से बेस्ट कोरियोग्राफर का नेशनल अवॉर्ड वापस लेने की घोषणा की।**

उन्होंने चेन्नई, मुंबई और हैदराबाद में अलग-अलग प्रोजेक्ट्स की शूटिंग के दौरान उसका यौन शोषण किया। साथ ही हैदराबाद स्थित अपने घर पर भी उसे कई बार अब्यूज किया।

लड़की ने अपनी शिकायत में बताया कि साल 2017 में एक इवैंट में उसकी मुलाकात जानी मास्टर से हुई थी। दो साल बाद जानी ने उसे अपनी असिस्टेंट कोरियोग्राफर की जॉब ऑफर की, जो उसने मंजूर कर ली।

इसके बाद मुंबई में हुए एक शो के दौरान जानी ने होटल में उसे सेक्शुअली हैरेस किया। लड़की का आरोप है कि इसके बाद जानी लगातार डरा-धमकाकर उसका शोषण करते रहे। वे उस पर लगातार शादी का दबाव बना रहे थे। इतना ही नहीं, वे एक बार उसे अपने घर भी ले गए जहां जानी और उनकी पत्नी (आयशा) ने उसके साथ मारपीट की।

यह मामला सबसे पहले तेलंगाना वुमन सेफ्टी विंग की डीजी शिखा गोयल ने उठाया था। उन्होंने ही पीड़ित को पुलिस कम्प्लेन करने का सुझाव दिया था। जानी इससे पहले भी 2015 में एक विवाद के चलते छह महीनों के लिए जेल जा चुके हैं।

## मैनपुरी जिला...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कैदियों के साथ बैरक के बाहर बैठी हुई थी। अचानक वह टॉयलेट गई और टॉयलेट में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब महिला कैदियों को बहुत देर तक लाली दिखाई नहीं दी तो उन्होंने टॉयलेट का दरवाजा खोला। जहां लाली मृत अवस्था में लटकी मिली। जिला जेल के कर्मियों ने लाली को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, परंतु डाक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

# खामनोई के राइट हैंड कमांडर कानी के लापता होने की खबर

## कासिम सुलेमानी की मौत के बाद जनरल कानी ईरान के सबसे ताकतवर व्यक्ति माने जाते थे

तेहरान, 06 अक्टूबर। ईरानी कुद्स फोर्स के ब्रिगेडियर-जनरल इस्माइल कानी के लापता होने की खबर सामने आई है। इस खबर के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। उनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें आखिरी बार हिजबुल्लाह के तेहरान ऑफिस में देखा गया था। बीते दिनों बेरूत में इजरायली स्ट्राइक के बाद से उनका कोई पता नहीं लग रहा है। तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में ये बातें सामने आई हैं।

इस्माइल कानी को ईरान के सुप्रीम लीडर अयतुल्लाह खामनेई का राइट हैंड माना जाता है। एयर स्ट्राइक में ईरान के सबसे ताकतवर नेता रहे कासिम सुलेमानी की मौत के बाद इस्माइल कानी ने उनकी जगह ली थी। इज़रायली मीडिया उनके बारे में अंदेशा लगा रही है कि वह इज़रायल के हवाई हमले में घायल हो सकते हैं, वहीं कई मीडिया हाउस उनकी मौत की संभावना पर भी बात कर रहे हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से किसी तरह की पुष्टि नहीं हुई है। साल 2020 में कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद कानी को उनका उत्तराधिकारी

- **वर्ष 2020 में सुलेमानी की हत्या के बाद कानी को उनका उत्तराधिकारी बनाया गया था।**

नियुक्त किया गया था और वह ईरान की सैन्य रणनीति बनाने वालों में से एक रहे हैं।

कानी के लापता होने से ईरान में तनाव बढ़ सकता है। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के शीर्ष अधिकारियों को भी इस बात की खबर नहीं है कि इस्माइल कानी कहां हैं और उनके साथ क्या घटित हुआ है। गुरुवार से उससे किसी तरह का संपर्क नहीं हुआ है। इस्माइल कानी कितना अहम है, इस बात का अंदाजा ऐसे लगा सकते हैं कि वह लेबनान में हजिबुल्लाह को हर तरह से सपोर्ट कर रहा था।

जानकार मानते हैं कि अगर कानी मारा जाता है तो ईरान की ताकत पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि कानी ईरान के लिए काफी अहम हैं। इजरायल पर हमला करने से लेकर हजिबुल्लाह और हमास को सपोर्ट करने और उन्हें हथियार मुहैया कराने तक में इस्माइल की भूमिका अहम रही है।

कहा जाता है कि अयातुल्लाह खामनेई अपने निर्देशों को इस्माइल कानी के जरिए दिलवाता था और कानी ही यमन में हूती और इराकी मिलिशिया के अलावा मिडिल ईस्ट में आतंकी समूहों से बात करता है।

# रेल मंत्री ने नमो भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेनों की घोषणा की

बेंगलुरु, 06 अक्टूबर। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु की यातायात समस्याओं को कम करने और क्षेत्रीय संपर्क में सुधार करने के लिए नमो भारत सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की शुरुआत करने की घोषणा की है।

वैष्णव ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि बेंगलुरु स्थित भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) में निर्माणाधीन ये ट्रेनें जल्द ही बेंगलुरु से तुमकुरु और मैसूरु तक के मार्गों पर संचालित होंगी, जिससे शहरों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस की उल्लेखनीय सफलता को रेखांकित किया, जिसमें बेंगलुरु से चेन्नई, मदुरई और हैदराबाद तक के मार्गों पर 100

- **बैंगलोर स्थित भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड में निर्माणाधीन ये ट्रेनें जल्द ही संचालित होंगी।**

प्रतिशत से अधिक यात्री भार दर्ज किया गया है। इसे साफ है कि राज्य में तेज और आरामदायक रेल यात्रा की मांग है।

वैष्णव ने कहा, "नमो भारत ट्रेनें किफायती किराए पर विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी, विशेष रूप से मध्यम वर्ग के यात्रियों के लिए अधिकतम आराम और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। नयी ट्रेनें उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस होंगी। कवच प्रणाली, किसी भी आसन्न खतरे के बारे में ड्राइवर को सचेत करने के लिए डिज़ाइन की गई है।"

बेंगलुरु में ट्रेन सेवाओं को हवाई यात्रा के साथ बेहतर ढंग से जोड़ने की योजना है। रेलवे मंत्रालय, बेंगलुरु हवाई अड्डा प्राधिकरण के साथ मिलकर हवाई अड्डे के टर्मिनलों के करीब रेलवे लाइन को बढ़ाने पर काम कर रहा है, जिससे हवाई यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सकेगी। बेंगलुरु रेलवे स्टेशन और येलहंका के बीच मौजूदा एकल रेल लाइन को दोहरी लाइन में परिवर्तित किया जा रहा है, ताकि बढ़ती यात्री संख्या की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

वैष्णव ने कहा कि इसके अलावा, बेंगलुरु के केन्टोनमैंट स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908